RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः62 | ग्वालियर संस्करण, अक्टूबर 17 गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

केएमयू में एमबीबीएस 2024 बैच हुआ प्रारंभ

# पड़ाई के साथ अनुशासन व संस्कार जरूरी, सफलता के लिए मां-बाप का आशीर्वाद - किशन चौधरी

**कुशल चिकित्सक के रूप में पीड़ित मानवता की सेवा करें - वाइस चांसलर**

**पड़ाई व मौजमस्ती में बैलेंस बनाकर अच्छे इंसान बने, तो मेडीकल का आएगा बेहतरीन आउटपुट : प्रो वाइस चांसलर**

**पर्व एवं त्यौहारों का डाक्टर के जीवन में कोई जगह नहीं, मरीज ही उसका भगवान - मेडीकल प्राचार्य**

**अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, इसलिए छात्र-छात्राएं अनुशासित रहे : रजिस्ट्रार**

**मथुरा ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी/ दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में बुधवार को एमबीबीएस 2024 बैच में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसके उद्घाटन में विवि के चांसलर किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर डॉ डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डॉ शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डॉ पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डॉ आरपी गुप्ता, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल द्वारा भगवान गणेश व मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें नवागत छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए।ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व केएमयू के चांसलर किशन चौधरी ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की चिकित्सा की पड़ाई के लिए केएम मेडीकल कालेज के चयन के लिए प्रशंसा की, उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां हर बच्चे को संस्कार, शिक्षा और बेहतर करियर मिलेगा, पड़ाई के साथ संस्कार जरूरी है, मां-बाप के आशीर्वाद से ही सफलता मिलती है, इसलिए पड़ाई के साथ अपने मां बाप से सम्पर्क में रहें तथा आवश्यकता के अनुरूप बात करते रहें। गुरू के सम्मान से ज्ञान में बड़ोतरी होती है क्योंकि विद्या में शिक्षा, संस्कार, ज्ञान समाहित होते हैं। आप लोग यहां से पड़कर डॉक्टर के साथ एक अच्छे इंसान बनकर निकलेंगे, यही मुझे उम्मीद है।विवि के वाइस चांसलर डॉ डीडी गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक का पेशा चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद हमारा समाज उसे सेवाभाव के लिए भगवान तुल्य मानता है लेकिन यह तभी सम्भव है, जब हम एक अच्छे और कुशल चिकित्सक के रूप में पीड़ित मानवता की सेवा करें। जीवन का हर क्षण अमूल्य है, जो छात्र समय के मूल्य को पहचानते हैं, वही सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। समय का मूल्य भी अनुशासन में रहकर ही समझ में आता है।विवि के प्रो वाइस चांसलर डॉ शरद अग्रवाल ने कहा कि 12वीं पास के बाद मेडीकल लाइन में प्रवेश करना पड़ाई में बदलाव हो जाता है, क्या करना है, क्या नहीं करना, इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है, आप पड़कर आएंगे तो क्लास में अच्छे रिजल्ट होंगे तथा जीवन में बैलेंस बनाकर अच्छे इंसान बने, तो मेडीकल का आउटपुट बेहतरीन आएगा। मेडीकल प्राचार्य डॉ पीएन भिसे ने कहा आप सभी मेडीकल के मैदान में उतरे हैं, यहां पर्व त्यौहार के लिए कोई जगह नहीं होती है, मरीज ही आपका भगवान है। दिमाग, तन, मन, धन की भावनाओं से परिपूर्ण होकर डाक्टर बनना, गौरव की बात है, इसलिए अनुशासन को अपने जीवन का मूल मंत्र मानें।एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डॉ आरपी गुप्ता ने कहा कि आपकी यात्रा अब शुरू हो गई है, जो मेडीकल सबजेक्ट अलग है, मन लगाकर पड़ना है, देश के कोने कोने से आए छात्रों को शुभकामना देते हुए यही कहना है कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने कहा छात्र के जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। अनुशासन में रहकर एक साधारण विद्यार्थी भी सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है। यदि अभिभावक अपने बच्चे को कुशल चिकित्सक बनाने का सपना देखते हैं तो उनका यह दायित्व है कि उसकी हर गतिविधि पर नजर रखें। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, इसलिए छात्र-छात्राएं अनुशासित रहे। इसीप्रकार से सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, माइक्रोवायोलॉजी विभाग से डॉ दिनेश शर्मा, फार्माकोलॉजी विभाग से डॉ एम कुमार राजा, डॉ दलवीर सिंह ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियां बताते नवागंतुक छात्र-छात्राओं का अनुशासन में रहते हुए लगन और मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संचालक व को-कोर्डीनेटर डॉ हरि नारायण यादव ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कुशल चिकित्सक बनने की शुभकामनाएं दीं। सीईओ डॉ मनोज ओझा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इसके अलावा समस्त फैकल्टी के एचओडी डा. संतोष कुमार शाह, डा. रश्मि, डा. विकास सक्सैना, डा. एसटी वली, डा. दिनेश भाटी, डा. सोनू, डा. दलवीर सिंह, डा. इंदू भूषन, दीपक रावल, डा. एमके राजा, राजेश बाबू, अजय तौमर, दीपक सिंह, रनवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का सह-संचालन एमबीबीएस 2023 बैच की छात्रा नंदनी और आदित्या ने किया।




## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा शस्त्र पूजन के साथ चिंतन सभा का हुआ आयोजन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सूरत- अखिलभारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन सूरत (गुजरात) के द्वारा शस्त्र पूजन एवं सामाजिक चिंतन पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकारणी के सदस्यों को सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य को सुचारू रूप से राष्ट्र निर्माण में शामिल होने समाज की कुरीतियों को दूर करने एवं सनातनी लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए जबाबदारी दी गई। राष्टीय अध्यक्ष -ष्टस्क के. डी. सोनकिया (रिटायर्ड) के निर्देशानुसार , राष्टीय प्रवक्ता - रामबरन शास्त्री जी ने आशीर्वाद स्वरूप आशीष बचन दिये ।साथ ही संघठन किन किन दिशाओं में कार्य कर रहा है से अवगत करवाया। इस मौके पर पधारे अथितियों को राम नाम अंकित पट्टिकाओं को पहनाकर स्वागत व सम्मान प्रदान किया इसमें चम्बल संभाग ग्वालियर से पधारे राष्टीय प्रवक्ता रामबरन शास्त्री जी , शहीद विवेक सिंह तोमर शौर्य चक्र के छोटे भाई व अमर शहीद सम्मान सेवा संघ के उपाध्यक्ष - धर्मेन्द्र सिंह तोमर , राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा संघ सूरत के अध्यक्ष- रामनरेश सिंह तोमर व सदस्य - राजबीर सिंह सिकरवार ,मध्यप्रदेश विकास परिषद सूरत के सभी सदस्य व ब्राह्मण समाज के बुजुर्ग गण एवं पदाधिकारीयो का गुजरात प्रदेश अध्यक्ष-वीरेन्द्र शर्मा परशुराम सेना युवा प्रदेश अध्यक्ष-नीरज शर्मा ने सभी का सम्मान किया व कार्यक्रम समपन्न होने पर सभी का आभार प्रकट किया

### अपर्णा यादव की बैठक में बिजली गुल, मोबाइल टॉर्च के सहारे हुई मीटिंग;



महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव बाराबंकी में महिला उत्पीड़न की शिकायतों एवं समस्याओं पर जिले के आलाधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंचीं। अपर्णा यादव को यहां महिला उत्पीड़न की शिकायतों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। हालांकि अपर्णा यादव के दौरे को लेकर जिले के आलाधिकारियों को पहले से जानकारी थी, लेकिन फिर भी उनकी बैठक को लेकर किसी तरह की कोई तैयारी नहीं दिखी। यहां तक कि अपर्णा यादव काफी देर तक मोबाइल की रोशनी में अधिकारियों के साथ बैठक करती रहीं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## भारत कुंभ के मेले में नहीं बिछड़ेंगे, योगी सरकार ला रही हाई-टेक खोया-पाया सिस्टम,

कुंभ मेले के लिए योगी सरकार ने की तैयारी।फिल्म से लेकर आम बोल चाल की भाषा में अक्सर लोग कुंभ में अपनों से बिछड़ने की बात कहते दिखते हैं। हालांकि, कुंभ में बिछड़ना अब पुराने दिनों की बात होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में साल 2025 में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस आयोजन में अत्याधुनिक खोया-पाया सिस्टम शुरू करने की तैयारी की है। अगर कुंभ में कोई अपनों से बिछड़ता है तो इस सिस्टम की मदद से उसे जल्द से जल्द परिवार से मिला दिया जाएगा।



**हाई-टेक खोया-पाया रजिस्ट्रेशन सिस्टम आएगा**-उत्तर प्रदेश सरकार ने 'फिल्मी महाकुंभ' में लोगों के खो जाने और एक लंबे अरसे बाद वापस मिलने की धारणा को खत्म करने की तैयारी कर ली है। बुधवार को यूपी सरकार ने जानकारी दी है कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण और पुलिस विभाग ने एक साथ मिलकर आगामी महाकुंभ 2025 के मेले में हाई-टेक खोया-पाया रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू करने की तैयारी की है।

**कैसे काम करेगा सिस्टम**-यूपी सरकार ने बताया है कि नया सिस्टम सुरक्षा, जिम्मेदारी और तकनीक का एक संगम है। यह महाकुंभ मेले को सुरक्षित और सुखद अनुभव बनाएगा। हाई-टेकखोया-पाया सिस्टम केंद्र में खोए हुए व्यक्तियों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन किया जाएगा जिससे संबंधित व्यक्ति के परिवार या दोस्त उन्हें आसानी से खोज सकें

## भारत राजनीति बाबा सिद्दीकी की हत्या में कौन सी 3 पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया? मुंबई पुलिस ने दी अहम जानकारी



मुंबई- मुंबई में एनसीपी अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई पुलिस ने अहम जानकारी दी है। मुंबई पुलिस ने बताया कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में तीन पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था, उनमें से एक ऑस्ट्रेलिया की ग्लॉक पिस्तौल, एक तुर्की पिस्तौल और एक देसी पिस्तौल थी। पुलिस ने तीनों हथियार बरामद कर लिए हैं। बता दें कि 12 अक्टूबर को निर्मल नगर में जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।बाबा सिद्दीकी मामले में शूटर्स 28 दिन में 5 बार बाबा सिद्दीकी के घर और दफ्तर रेकी करने गए थे। बाबा सिद्दीकी के घर और दफ्तर के बाहर आस-पास वे घंटों रुकते थे और उनकी हर मूवमेंट को ट्रैक करते थे। रेकी के बाद दशहरे का दिन हत्याकांड के लिए चुना गया था। हत्याकांड में शामिल आरोपी जीशान अख्तर वारदात के वक्त मुंबई से बाहर था। जीशान मुंबई के बाहर से पूरे ऑपरेशन को कॉर्डिनेट कर रहा था। शूटरों को शुभम का भाई प्रवीण पुणे से मुंबई छोड़ने आया था। शूटरों को पैसे शुभम ने ही दिए थे।

### सपा सांसद राजीव राय और डॉक्टर के बीच जमकर हुई बहस, CMO ने लिया एक्शन, वीडियो आया सामने



सपा सांसद राजीव राय और डॉक्टर के बीच जमकर हुई बहस घोसी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय आज मरीजों की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे। इस दौरान डॉक्टर और सांसद के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। इसका वीडियो भी अब सामने आ गया है। दरअसल समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय जिला चिकित्सालय में निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्हें मरीजों द्वारा अस्पताल प्रशासन को लेकर शिकायत मिली थी।

## बांग्लादेशी छात्रों के दबाव में आया सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय के 12 जजों पर लगाया प्रतिबंध

**ढाका**-बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ कराने के बाद अब छात्रों ने जजों पर भी दबाव बनाना शुरू कर दिया है। बांग्लादेशी छात्रों के दबाव में आकर सुप्रीमकोर्ट ने उच्च न्यायालय के 12 जजों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बांग्लादेशी छात्रों ने इन सभी पर ÷अवामी लीग समर्थक फासीवादी न्यायाधीश÷ होने का आरोप लगाया है और इनको हटाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया था। इसके बाद सुप्रीमकोर्ट ने उच्च न्यायालय के 12 न्यायाधीशों को न्यायिक गतिविधियों से बुधवार को निलंबित कर दिया। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग सरकार का विवादित आरक्षण प्रणाली के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के बाद अगस्त में पतन हो गया था।हसीना पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गई थीं। अखबार 'द डेली स्टार' की खबर के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश सय्यद रफात अहमद ने यह फैसला तब लिया, जब भेदभाव विरोधी आंदोलन में शामिल सैकड़ों प्रदर्शनकारी छात्रों ने बुधवार को उच्च न्यायालय परिसर को घेर लिया और ÷अवामी लीग समर्थक फासीवादी न्यायाधीशों÷ को हटाने की मांग की। खबर में उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अजीज अहमद भुइयां के हवाले से कहा गया है, ÷(उच्च न्यायालय) के 12 न्यायाधीशों को पीठ आवंटित नहीं की जाएगी, जिसका मतलब यह है कि उन्हें 20 अक्टूबर को अदालतों में अवकाश समाप्त होने के बाद न्यायिक गतिविधियों में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं होगी।÷



**छात्र कर रहे जजों के इस्तीफे की मांग**-समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' की खबर के अनुसार, छात्रों ने उच्चतम न्यायालय परिसर में अपना विरोध-प्रदर्शन शुरू करते हुए अवामी लीग से जुड़े उन न्यायाधीशों के इस्तीफे की मांग की, जो ÷पार्टी लाइन पर चल रहे हैं।÷ इन न्यायाधीशों को न्यायिक गतिविधियों से निलंबित किए जाने की घोषणा के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों ने अपना विरोध रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया। 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' की खबर में भुइयां के हवाले से कहा गया है कि यह फैसला इसलिए लिया गया,

# दो हजार की आबादी वाला गांव आज दिन तक मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

भिंड -लहार से लेकर भोपाल के मुख्यमंत्री के हाथों में दिया आवेदन फिर भी ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया रास्तारास्ता नहीं होने से बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैंगांव के मुख्य मार्ग में बारिश का पानी भरा घुटनों तक800 मीटर की रोड मुख्य मार्ग तक नहीं जोड़ी गई है जिसको लेकर 2000 से अधिक आबादी के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

लहार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिहोना तहसील ग्राम पंचायत राहवली वेहड के मजरा रावतपुरा सानी का है। जहां देश को आजाद हुए 80 वर्ष हो चुके हैं फिर भी ग्रामीणों को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव में दो हजार से अधिक की आबादी है फिर भी हमारे गांव को आज दिन तक मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया जबकि हमारे गांव में वोटिंग लगभग 800 की है फिर भी हमें शासन की योजनाओं से वंचित रखा जाता है हमारे गांव में मुक्तिधाम भी अधूरा पड़ा है। आंगनबाड़ी तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। वहीं कक्षा 1 से लेकर 8 तक की स्कूल पर बच्चों के लिए जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है बच्चों को दलदल में होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव में यदि किसी की तबीयत खराब हो जाए तो उसको चारपाई पर रखकर में रोड तक ले जाना पड़ता है ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अब तो खेतों में सरसों की फसल की बुवाई हो चुकी है इसलिए हमारे गांव में पगडंडी का जो रास्ता था वह भी धीरे-धीरे बंद हो रहा है मुख्य मार्ग में अभी भी घुटनों तक पानी भरा हुआ है जिसको लेकर हम सभी ग्रामीण परेशान हो रहे हैं हमारी फसल का जो अनाज होता है उसको हम अपने घर तक बड़ी मुश्किल से लेकर आते हैं क्योंकि रास्ते में ट्रैक्टर ही फंस जाता है। हमारे गांव में यदि किसी की शादी विवाह हो तो हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग 800 मी. बताई जा रही है फिर भी संबंधित अधिकारी एवं नेताओं ने आज दिन तक इस गांव को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा है। लहार मिहोना एवं भिंड कलेक्टर एवं कमिश्नर एवं मुख्यमंत्री तक ग्रामीणों ने हाथों में सभी लोगों को दिए आवेदन फिर भी ग्रामीण 2023 से लेकर आज दिन तक संबंधित अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं फिर भी हमें समस्या से जूझ रहे हैं किसी भी संबंधित अधिकारियों ने आज दिन तक 800 मीटर की रोड नहीं बनवाई है।

# गौरक्षकों ने घायल गौ वंश का कराया उपचार पहुंचाया काजी हाउस

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



लहार नगर के समीप चिरौली के पास एक गौ वंश घायल अवस्था में रोड किनारे डला था बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक आकाश शुक्ला को जानकारी लगी तो वह मौके पर पहुंचे और उक्त घायल गौवंश को निजी वहान से नगरपालिका कांजी हाउस लेकर आये लहार पुलिस का भी गौरक्षकों को सहयोग आरक्षक श्याम गुर्जर, विशाल मिश्रा ने डॉ जितेन्द्र को बुलवाकर घायल गौवंश का उपचार करवाया आकाश शुक्ला,गौरक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह,आदि गौरक्षकों ने घायल गौवंश को बचाने में सराहनीय योगदान दिया

# आम जिंदगियों से हो रहा खिलवाड़, धड़ल्ले से बिक रहा है मिलावटी दूध और पनीर; फूड प्वाइजनिंग से लोग हो रहे बीमार



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

त्यौहार आते ही डेयरी पर बनने लगा सिंथेटिक दूध और खोवा , बाजार में बिकने लगी मिलावटी मिठाई अम्बाह। त्यौहार नजदीक आते नगर में डेयरी पर सिंथेटिक दूध और खोवा बनाने की मांग बढ़ने लगी है डेयरी संचालक मुनाफे के चक्कर में जहर खिला रहे द्य त्यौहार नजदीक आते ही नगर में खोवा और पनीर की मांग बढ़ने लगी है नगर से खोवा और पनीर को दूसरे क्षेत्रों में भी सप्लाई किया जा रहा है लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने में है मजबूर दुकानदारों ने मिलावटी मिठाइयां बनाना शुरू कर दिया है। जिसमें मिठाई विक्रेताओं की बल्ले-बल्ले रहती है।? दुकानदार मिठाई के नाम से बेच? रहे मीठा जहर जिसे खाने से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।? अधिकारी को मालूम होते हुए भी कारवाई का नाम नहीं ले रहे हैं। जिसमें दुकानदार बिना डर मिलावट करने में सक्षम हैं

## फुलकारी बाजार के चौथे संस्करण का आगाज शानदार रहा

# डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी ने किया फुलकारी बाजार का उद्घाटन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो / सुशील पदम अमृतसर पंजाब**

अमृतसर में महिलाओं के सबसे बड़े संगठन फुलकारी ह्ह्व ने अमीरा फार्म में फुलकारी बाजार के चौथे संस्करण की मेजबानी की, जिसमें लगभग 6,000 आगंतुकों की उपस्थिति के साथ उच्च मानक स्थापित किए गए।फुलकारी बाजार का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी ने किया। सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर इस दिन की विशेष अतिथि थीं।इस कार्यक्रम में दिल्ली, मुंबई, जयपुर और गुड़गांव सहित पूरे भारत के ब्रांडों को प्रदर्शित करने वाले 50 से अधिक स्टॉल शामिल थे। विवर वीव्स, बन्नो बाय रूपनीत, ऑर्गेंज़ा, कसीरा, ग्रीनरैप, द इंग्लिश टी रूम और द फ्लावर बार जैसे ब्रांड मौजूद थे। इसके अलावा, अतारा, एन्ससो बाय नितिका, फाइन थिंग्स अराउंड, ट्विल बाय मुस्कान और फरवरी 06 जैसे लोकप्रिय स्टॉल ने इस साल तीसरी बार अपने विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया। फुलकारी के संस्थापक अध्यक्ष प्रणीत बब्बर का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए, जिन्होंने फुलकारी बाजार में अपनी आर्ट गैलरी, फाइव रिवर आर्ट्स की पहली प्रीव्यू सेल की शुरुआत की।इस कार्यक्रम का संचालन जेसी मोटर्स ने किया, जिसने कार्यक्रम स्थल पर अपनी कारों का बड़ा प्रदर्शन किया।बाजार में सक्षम, सोच, एगोश और त्रिनजान सहित एनजीओ के स्टॉल भी लगे, साथ ही पांच स्वयं सहायता समूहों ने भी स्टॉल लगाए।रीना




कुंद्रा द्वारा निर्मित एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नूपुर कपूर, गायत्री खन्ना और रश्मि विज सहित कॉन्कर कैंसर टीम द्वारा किया गया।गेमफिनिटी नामक खेल क्षेत्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए लिटिल मिलेनियम द्वारा खेल और फेस पेंटिंग की पेशकश की गई।परिवारों द्वारा विभिन्न स्टॉलों का पता लगाने के कारण वातावरण उत्साह से भरा हुआ था। हर जगह मुस्कान देखी गई क्योंकि फुलकारी की पहल के विभिन्न पहलुओं पर सहयोग करने के लिए डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। फुलकारी ने हमेशा अपने सदस्यों को विभिन्न पहलों के माध्यम से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें समुदाय को वापस देने और सार्थक कारणों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह कार्यक्रम देश भर से स्थानीय प्रतिभाओं, कलाकारों और व्यवसायों को बढ़ावा देने का एक ईमानदार प्रयास था, इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के रेस्तरां शामिल थे, जो विभिन्न स्वादों को ध्यान में रखते हुए भोजन परोसते थे, जिनमें दिल्ली की चाट डिलाइट और वफ़ल कंपनी, जालंधर की रेट्रो, कैफ़े दिल्ली हाइट, शुगररश और पिज़्ज़ा डो कंपनी शामिल थे। साहिल और प्रीत द्वारा लाइव संगीत और गायन प्रदर्शन से माहौल और भी ज़्यादा जीवंत हो गया।फुलकारी बाज़ार 2024 पूरे फुलकारी समुदाय के एक साथ आने का समापन था, जो प्रबंधन टीम द्वारा महीनों की अथक मेहनत, सावधानीपूर्वक योजना और समर्पण का प्रतिनिधित्व करता है।फुलकारी बाज़ार, अध्यक्ष शीतल सोहल, उपाध्यक्ष मीनाक्षी खन्ना, संयुक्त सचिव शिवानी आहूजा और वृंदा अरोड़ा, कोषाध्यक्ष रूबी बत्रा, मिल्ली लूथरा और मार्केटिंग और पीआर प्रमुख स्निग्धा गोयल सहित प्रबंध समिति द्वारा महीनों की अथक मेहनत, दृढ़ता, सावधानीपूर्वक योजना और श्रमसाध्य प्रयासों का परिणाम है। इसके अलावा, प्रणीत बब्बर, निधि सिंधवानी, सीमा माहेश्वरी, टीना अग्रवाल, आरती खन्ना, पायल मेहरा, रुमिता अरोड़ा, प्रियंका गोयल, लवी बहल, सौम्या खुराना और नीरू गुप्ता का भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कई अन्य कार्यकारी सदस्यों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# होमगार्ड्स आगरा घनश्याम चतुर्वेदी, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की मैनेजर आरती सिंह एवं रेनू सिंह दिवंगत होमगार्ड की पत्नी इंश्योरेंस कंपनी चैक किया प्रदान



**मथुरा ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मथुरा। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के दिवंगत होमगार्ड ज्ञानेंद्र सिंह की पत्नी संतोष देवी को प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा 28 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। मण्डलीय कमांडेंट होमगार्ड्स आगरा घनश्याम चतुर्वेदी, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की मैनेजर आरती सिंह एवं रेनू सिंह की उपस्थिति में दिवंगत होमगार्ड ज्ञानेंद्र सिंह की पत्नी संतोष देवी को चेक प्रदान किया गया। प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी केवल वर्दी धारी संगठन के जवानों का बीमा करती है। कंपनी द्वारा संतोष देवी को 28 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि होमगार्ड द्वारा मात्र दो प्रीमियम जमा किया गया था और बीमारी के कारण होमगार्ड की मृत्यु हुई थी। होमगार्ड विभाग द्वारा एक्सीडेंट में बैंक के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जाती है और होमगार्ड विभाग द्वारा किसी भी दिशा में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए की धनराशि दी जाती है, किंतु प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमारी में भी अगर मृत्यु होती है तब भी उनके आश्रित को 3500 की न्यूनतम किस्त पर 28 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मृतक होमगार्ड के आश्रित को इस तरह की आर्थिक सहायता दिलाने में जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा, इसके लिए मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड आगरा ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

# पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने भगवान श्रीराम ने लिया अवतार

## जनता श्रीकृष्ण कला पथक मंडल के तत्वावधान में रामलीला मंचन का देखने उमड़ी भीड़

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

भितरवार - जनता श्रीकृष्ण कला पथक मंडल के तत्वावधान में चल रही 95 वी श्रीरामलीला में रावण और भगवान श्री राम के जन्म की लीला का मंचन किया गया। लंका में रावण के जन्म और तपस्या की लीला का मंचन में बताया गया। कि ब्रह्मा जी से वरदान पाने के बाद रावण ने अत्याचारों की सारी सीमाएं लांघ दीं। तब पृथ्वी दुखी होकर ब्रह्मा जी के पास पहुंचीं। इसके बाद ब्रह्मा जी ने देवराज इंद्र और भगवान शिव के साथ मिलकर श्री हरि की स्तुति कर उनका आह्वान किया तो भगवान



विष्णु प्रकट हो गए। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पृथ्वी पर अयोध्या के राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से मनुष्य रूप में अवतरित होकर रावण का सर्वनाश करेंगे। रामलीला में इक्ष्वाकु वंश के मनु और सतरूपा प्रभु विष्णु की तपस्या करते हैं। तपस्या से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। और वर मांगने को कहते हैं। वे प्रभु को पुत्र के रूप में मांगते हैं। इस पर प्रभु विष्णु ने अगले जन्म में पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। वरदान के अनुसार अगले जन्म में प्रभु विष्णु,राजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेते हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम का जन्म होता है। और अयोध्यावासी मंगल गीत गाते हैं। वहीं इसी दौरान जनकपुरी में अकाल पड़ा हुआ था। तब ऋषि विश्वामित्र के कहने पर राजा जनक खेत में हल चलाते हैं। इसी हल से सीता माता प्रकट हुईं।और जनकपुरी का अकाल समाप्त हो गया। इससे पहले श्रीरामलीला में भगवान श्रीविष्णु जी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर रामलीला समिति अध्यक्ष जानकीवल्लभ पाठक, महेश चंद्र अग्रवाल,चंदन सिंह यादव,बीरबल सिंह पवैया,सुनील यादव, सोनू यादव, धर्मेंद्र यादव, लखन सोनी, सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर...

### एक ही ध्येय एक ही लक्ष्य!विकास और जनकल्याण! भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर ने ग्राम पलायछा में 65 लाख रुपए की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन किया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

विधानसभा भितरवार ग्राम गड़ाजर में 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र का भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर जी ने निर्माण का विधिवत भूमि पूजन कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओ से अवगत कराया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग के अधिकारीओ से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया एवं ग्रामीणों से *श्री राठौर * ने कहा कि भाजपा सरकार में आधिकारियों किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर परशुराम पवैया( जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष )रामवतार पवैया भीकम सिंह जाट सुरेश कुशवाह सरपंच, माधो कुशवाह , बंटी गुर्जर , कुमेर कुशवाह , मनोज कुशवाह , हरगोविंद कुशवाह ओमप्रकाश शास्त्री , हमीर सिंह कुशवाह एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नये उपमहाप्रबंधक रितेश श्रीवास्तव जी ने संभाला कार्यभार एवं विधुत कर्मियों ने फूल मालाओं से किया स्वागत सम्मान



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। अम्बाह के नए उपमहाप्रबंधक श्री रितेश श्रीवास्तव जी के पदभार ग्रहण करने पर म,प्र, संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक शाखा अध्यक्ष शैलेष गुप्ता कुचया जीके निर्देशानुसार अम्बाह उपाध्यक्ष पवन शुक्ला के द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया एवं संघ के मुकेश गुप्ता,नारायण पाराशर द्वारा उनसे आग्रह किया गया कि कर्मचारियो की लंबित समस्याओं,सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने निवेदन किया गया जिसपर उपमहाप्रबंधक जी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियो की समस्या जल्द हल की जायेगी,एवम सुरक्षा उपकरण जल्द दिए जाएंगे।

स्वागत समारोह में संघ के श्याम सुंदर शर्मा,नवल सिंह, आदि विधुत कर्मी शामिल थे।

### हाथों को साफ रखें,बीमारियों से बचें - रासेयो




**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। दैनिक कार्यों में हाथों का महत्वपूर्ण योगदान है।ये शरीर को साफ रखते हैं,खाने पीने में मदद करते हैं और मल त्याग के पश्चात सफाई में सहायता करते हैं। शौच के बाद अगर हाथों को अच्छी तरह से न धोया जाए तो मल के रोगाणुओं से अतिसार जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। उक्त बातें विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर महात्मा लोचनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बाह के रासेयो स्वयं सेवकों ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय गांधी नगर के छात्र छात्राओं को समझाई। कार्यक्रम में पोस्टरों के माध्यम से बताया गया कि हाथों को कब-कब और कैसे धोना चाहिए तथा हाथ धोने से कौन -कौन सी बीमारियों को रोका जा सकता है।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा ने स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी तथा सबाल जबाब के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया । इसके बाद सभी बच्चों ने नियमित रूप से अपने हाथों को साफ रखने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम अख्तयार गुर्जर, शिक्षिका गायत्री सेंगर, अंजली सिकरवार और छोटी बाई मौजूद रहीं।

### स्टूडेंट फोर सेवा सप्ताह के निमित्त अम्बाह इकाई द्वारा पीजी कॉलेज अम्बाह में ब्लड डोनर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह । स्टूडेंट फोर सेवा सप्ताह के निमित्त ब्लड डोनर अम्बाह में रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया विभिन्न कोचिंग संस्थानों पर सीपीआर ट्रेनिंग देकर आपातकालीन स्थिति में कैसे जान बचाए जिसकी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई जिसमें ज्यादातर छात्र-छात्राओं ने सहभागिता ली एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉक्टर का सम्मान भी किया गया डॉ आकाश शर्मा द्वारा ट्रेनिंग एवं ब्लड जांच कर सेवा दी गईइस उपलक्ष में प्रांत कार्यकारणी सदस्य सोम शर्मा, नगर अध्यक्ष आरएस राठौर, नगर मंत्री श्यामू शर्मा , सह मंत्री गौरव शर्मा, नगर एसएफएस प्रमुख कपिल तोमर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव २०२४ की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित



**सीधी ।**कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 रीवा दिनांक 23 अक्टूबर 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में जिले के उद्योगपतियों एवं निवेशकों से उनकी समस्याओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा में सभी उद्योगपतियों एवं निवेशकों को बढ़ चढ़ कर सहभागिता हेतु भी प्रोत्साहित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास एवं नोडल अधिकारी निवेश प्रोत्साहन केंद्र नीलेश शर्मा, महाप्रबंधक एमपीआईडीसी आर के सिंह, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रद्धा गोखले एवं जिले के प्रमुख उद्योगपति एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# मानसून मेन्टीनेशन एवं टेस्टिंग कार्य से विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी ।**अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि 132 के.व्ही. उपकेन्द्र रामपुर नैकिन में 40 एम.व्ही.ए. का पोस्ट मानसून मेन्टीनेशन एवं टेस्टिंग कार्य कराने के लिए दिनांक 17.10.2024 को सुबह 11 बजे से 05 बजे तक 33 के.व्ही. रामनगर, बधवार, धनहा, रामपुर नैकिन एवं कोठिया फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# संयुक्त कलेक्टर नीलेश कुमार शर्मा को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व

**सीधी ।**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के .ष्टि से श्री नीलेश कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन) जिला सीधी होंगे। इस हैसियत से निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

## मासिक सैनिक सम्मेलन 23 अक्टूबर को

**सीधी ।**ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी ने सूचित किया है कि दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे (दिन बुधवार) को मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साथ ही आईसीआईसीआई बैंक सीधी की टीम द्वारा स्पर्श एवं जीवित प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी दी जावेगी। जिन भूतपूर्व सैनिकोंधविधवाओ की स्पर्श से पेंशन में कोई भी परेशानी हो रही है अथवा अन्य कोई समस्या हो तो सभी दस्तावेजों के साथ अवश्य पधारें और अपने समस्या का निराकरण करवाये।

### फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सुपर सीडर से करें बुवाई

# कृषकों को अनुदान पर कृषि यंत्र सुपर सीडर की है उपलब्धता

सीधी जिले में मुख्य रूप से धान एवं गेहूँ की फसल .षकों द्वारा ली जाती है। इन फसलों की कटाई के पश्चात् .षक फसल अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे खेत की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण को भी नुकसान होता है। साथ ही आग लगने का भी खतरा बना रहता है। सहायक .षि यंत्री ने इन समस्याओं के समाधान हेतु .षकों को आधुनिक .षि यंत्र सुपर सीडर के उपयोग की सलाह दी है।

सुपर सीडर :- कम्बाईन हार्वेस्टर से अधिक ऊँचाई पर फसल की कटाई उपरांत इस यंत्र से तत्काल बिना जुताई अगली फसल की बुवाई की जा सकती है। पूर्व फसल के अवशिष्टों की मल्चिंग कर मृदा सुधार का कार्य करता है। फसल अवशिष्टों को जलाने की कुप्रथा को हतोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण और संरक्षित .षि को प्रोत्साहन मिलता है। संरक्षित .षि पद्धति के कारण समय, परिश्रम, लागत और सिंचाई जल में उल्लेखनीय बचत के साथ उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता में वृद्धि होती है।



इस यंत्र के उपयोग से खरपतवारों के अंकुरण पर प्रभावी नियंत्रण होता है तथा विलंबित खरीफ की स्थिति होने पर रबी फसलों की यथा समय बुवाई संभव है।उक्त यंत्र .षि अभियांत्रिकी संचालनालय म.प्र. द्वारा मॉग अनुसार श्रेणी अंतर्गत अनुदान पर उपलब्ध है, जिसमें ई-.षि यंत्र अनुदान पोर्टल अंतर्गत आवेदन करने पर .षकों को अनुदान पर .षि यंत्र सुपर सीडर उपलब्ध कराया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक .षि यंत्री, .षि अभियांत्रिकी, सीधी में .षक संपर्क कर सकते हैं। आवेदन हेतु .षकों को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पास बुक, ट्रैक्टर रजिस्टेशन, अनु.जा. एवं अनु.ज.जा. .षकों हेतु जाति प्रमाण पत्र एवं 05 हजार रूपये की धरोहर राशि सहायक .षि यंत्री सीधी के नाम से बनवाकर अधि.त विक्रेता अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (एमपी ऑनलाइन) के माध्यम से ई-.षि यंत्र अनुदान पोर्टल (तिउमतण्उचकंहमण्वतह) से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर उक्त यंत्र पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत अरहर किस्म पूसा अरहर १६ प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया - उप संचालक कृषि सीधी

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष खरीफ 2024 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन अन्तर्गत कृषक भैयालाल ग्राम छुही एवं भारत साहू ग्राम तिलवारी विकासखण्ड मझौली के यहां अरहर किस्म पूसा अरहर 16 पर आयोजित प्रदर्शनों का अवलोकन दिनांक 15कृ10कृ2024 को संजय कुमार श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सीधी द्वारा किया गया। उनके साथ परसोत्तम बागरी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मझौली, बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी, राकेश बहादुर सिंह कृषि विस्तार अधिकारी मझौली, गौतम पाटीदार कृषि विस्तार अधिकारी मझौली, किशोर रावत कृषि विस्तार अधिकारी मझौली एवं स्थानीय कृषक उपस्थित रहे।

अवलोकन करते हुये मौके पर अरहर, धान की फसल स्वस्थ पाई गई। किसानों को अरहर फसल में पौध संरक्षण हेतु कली बनने पर क्लोरेंन्ट्रानिलीप्रोल 18कृ5 प्रतिशत एसकृसीकृ (5मिली/10 लीटर)का छिड़काव करें। कली खिलने की शुरूआत में डेल्टामेथ्रिन 2कृ8 प्रतिशत ईकृसीकृ (1मिलीकृ/लीटर) छिड़काव करें, फली छेदक कीट नियंत्रण हेतु क्लोरेंन्ट्रानिलीप्रोल 18कृ5 प्रतिशत एसकृसीकृ (5मिली/10 लीटर) का छिड़काव करें।

## खाली दिखीं अधिकारियों की कुर्सी

अपर्णा यादव सुबह लगभग 11.30 बजे से बाराबंकी जिले के कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचीं। यहां उन्हें महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और दूसरे जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक कर महिला उत्पी?न की शिकायतों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि बैठक विकास भवन के सभागार में होनी है। जब अपर्णा यादव विकास भवन पहुंचीं तो वहां भी बैठक को लेकर कोई तैयारी नहीं दिखी। काफी देर तक अपर्णा यादव अंधेरे में ही बैठी रहीं और मोबाइल टार्च की रोशनी में बैठक करती रहीं। हालांकि बैठक के दौरान सीडीओ, सीएमओ समेत कई बड़े अधिकारी बैठक में जरूर शामिल हुए। वहीं इस दौरान कई अन्य अधिकारियों की कुर्सी खाली दिखी।

### समाधान दिवस में 500 से अधिक शिकारातों का हुआ निराकरण

# जनपद मुख्यालयों में हुआ शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन

**सीधी ।**समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार बुधवार 16 अक्टूबर को समाधान दिवस के रूप में मनाया गया। निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर तथा विभागीय समन्वय कर 512 शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत किया गया। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 134, मझौली में 130, सिहावल में 114, सीधी में 99 तथा कुसमी में 35 शिकायतों को निराकृत किया गया।



**समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषय**-आवास सहायता योजना की राशि प्राप्त न होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होना आवास सहायता आदिम जाति कल्याण विभाग, छात्रावासों में आवास/भोजन/साफ सफाई आदि की सुविधा न होना/प्रवेश न मिलने/अतिक्रमण/छात्रावास में अधीक्षक/कर्मचारियों से संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजना/मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) अंतर्गत पात्रता के अनुसार राशि प्राप्त न होने के संबंध में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना (नया राशन कार्ड/पात्रता पर्ची बनवाने के संबंध में) खाद्य आपूर्ति विभाग, नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारा संबंधी मामले (राजस्व विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वीकृत आवास की राशि प्रदान करने के संबंध में (प्रधानमंत्री आवास योजना), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित दिनांक 01कृ01कृ2017 से प्रारम्भ (महिला एवं बाल विकास), पोस्ट मेट्रिक/प्रवीण्य/विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी (पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), बिजली न आने/वोल्टेज से संबंधित (ऊर्जा विभाग), मध्यप्रदेश असंगठित शहरी/ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित (मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्ड संबल योजना-श्रम विभाग), विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नही करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही विवेचना न करना (पुलिस), शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलंब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 01 से 12 तक शिक्षनार्थियों के लिए छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी (लोक शिक्षण) एवं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।



**..क्या पुरानी फोटो के जरिए विकास कार्यों में हो रहा लेवर घोटाला**

# टीए और सचिव ने ऑनलाइन हाजिरी को बनाया मजाक

सीतापुर । मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्यों में कोई भी व्यक्ति बेईमानी न कर सके और योजनाओं को पूर्णता ईमानदारी से धरातल पर पहुंचने के लिए शासन अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है शायद इसीलिए मनरेगा में ऑनलाइन हाजिरी का सिस्टम बनाया गया है लेकिन घोटालाबाज इस सिस्टम की धज्जियां उड़ाने में तुले हुए हैं शासन की मंशा को धराशाही करते हुए घोटालाबाज एक तरफ शासन एवं प्रशासन की योजनाओं को पलीता लगाने का कार्य कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ अपने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ भी धोखा देने का कार्य कर रहे हैं ऐसे में विकास कार्य ईमानदारी से कैसे अपने अंजाम तक पहुंचेंगे इसके बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है वही सवाल यह उठता है कि जब जिम्मेदार ही इस प्रकार के घोटाले बाजी के खेल को अंजाम देंगे तो फिर विकास कार्य तो राम भरोसे ही रह जाएंगे । महोली ब्लॉक की ग्राम सभा परसेहरा इस समय घोटाले बाजो किए गए घोटाले का शिकार हो रही है इस ग्राम सभा में चतुरैया रोड से विश्राम के खेत तक



चकमार्ग पटाई कार्य बीते कई दिनों से जारी है ऑनलाइन वेबसाइट पर तो धडल्ले से इस कार्य को अपने अंजाम तक पहुंचाना दिखाया जा रहा है लेकिन धरातल पर स्थित कुछ और है । वही जो तस्वीरें ऑनलाइन हाजिरी में अपलोड की जा रही है वह भी पुरानी फोटो प्रतीत हो रही हैं ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुरानी फोटो के जरिए मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्यों में हाजिरी लगाई जा रही है ? यदि ऐसा है तो इस ग्राम सभा में बड़ा मजदूर घोटाला धरातलीय स्थिति की जांच के बाद जनता के सामने आ सकता है । यदि जिम्मेदार अधिकारी लेबर घोटाले की हकीकत की यह तह तक जाना चाहते हैं तो मास्टर रोल संख्या 6724, 6725, 6726 की मदद ले सकते हैं हालांकि यदि क्षेत्र की जनता के बीच हो रही चर्चाओं पर एक नजर दौडाई जाए तो ग्राम सभा के निवासियों का कहना है कि टीए और सचिव की मिली भगत ने मनरेगा में होने वाली ऑनलाइन हाजिरी को मजाक बना कर रख दिया है । श्रमिक संगठनों के द्वारा चल रहा है कार्य - खंड विकास अधिकारी प्रतीक सिंह इस संबंध में जब महोली ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रतीक सिंह से बात की गई तो उन्होंने मामले को स्पष्ट करते हुए बताया कि हो सकता है किसी दिन वेबसाइट ना चली हो जिसकी वजह से पुरानी फोटो अपलोड हो गई होगी । इस ग्राम सभा में कई श्रमिक संगठन कार्य कर रहे हैं लिहाजा इस ग्राम सभा में श्रमिक हाजिरी घोटाला होना बहुत ही मुश्किल है ।

# पुलिससोलह थाने और दस पुलिस चौकियों के बल के बलबूते पर मेंटेन होगा जिले का लॉ एंड ऑर्डर ...

**यूपी के दो जिलों के साथ निवाड़ी और छतरपुर को स्पर्श करती है जिले की सीमाएं..**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह/जिला ब्यूरो**

टीकमगढ़। मंगलबार को जिले की मंगल कामना करते हुए नवागत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंण्डलोई ने पदभार ग्रहण कर पुलिस व्यवस्था की कमान संभाली और पुलिस प्रशासन की गतिविधि को आगे बढ़ाया। बताया गया मनोहर सिंह मंडलोई वर्ष 2012 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी है,जिनका जिला पुलिस कप्तान के रूप पहला अनुभव माना जाएगा और शायद यह गौरव टीकमगढ़ को प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक पद भार संभालते ही आमलोगों से ज्यादा अवैध कारोबारियों का बधाईयां देना एवं मुलाकात करने का सिलसिला जारी है जो कुछ दिनों तक निरंतर चलेगा लेकिन जिले के लोगों को नवागत पुलिस अधीक्षक से अच्छी पुलिस व्यवस्था एवं न्याय की आशा है। जिले के 16 थानों में जिले का महिला पुलिस थाना, एवं आ जा का थाना एवं दस पुलिस चौकियों में





जिला की अस्पताल पुलिस चौकी शामिल है।आखिरकार कैसा रहा पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी का कार्यकाल.. लोगों की माने तो पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी का कार्यकाल की बानगी सरल, सहज स्वभाव को लेकर चर्चा में रही, उनके स्थानांतरण की लिस्ट जारी होते ही लोगो में बेखुशी देखी गई,लोगो ने उनके कार्यकाल की जमकर तारीफ की लेकिन पुलिस की माने तो स्टॉप के लिए उनका कार्यकाल तनाव पूर्ण रहा वो इसलिए कि रोहित काशबानी किसी भी समय अपना वाहन उठा कर अचानक पुलिस थानों की व्यवस्था देखने के लिए निकल पड़ते थे, अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं करते थे, अचानक जिस किसी थाना या चौकी में जैसे ही साहब का छोटा सा सफेद वाहन प्रवेश करता था मानो पुलिस स्टॉप में भाग दौड़ शुरू हो जाती थी। रोहित काशबानी ने शायद युवा होने के नाते युवा उप निरीक्षकों को अधिकांश थाने चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी यहां तक कि टी आई थानों पर भी उप निरीक्षको को प्रभारी बनाकर भेजा, जिससे थाना क्षेत्र के अधिकांश पीड़ित लोग थानों से ज्यादा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते नजर आए , इतना ही नहीं पूर्व में रहे पुलिस अधीक्षक प्रशांत खरे एवं रोहित काशवानी के कार्यकाल में नाबालिक बच्चियों के साथ दरिंदगी,नाबालिक बच्चियों को भगाले जाने एवं एससी एसटी के मामलों के साथ बिना जांच किए अपराधिक मामला दर्ज किए जाने में इजाफा देखा गया, यहां तक कि कभी कभी पीड़ित परिजनों को रोड पर मृत शव रखकर चीखना चिल्लाना पड़ा तब जाकर न्याय मिला।जिले के गांव गांव तक अवैध शराब सप्लाई की खबरों ने भी जमकर सुर्खियां बटोरी ...जो अब नवागत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह के लिए होगी चुनौती साबित... !

**आर. टी.आई. का जबाव न मिलने पर लगाई पहली अपील**

# राजनैतिक व्यक्ति विधि के शासन से बड़ा नहीं है- अविरल अमिताभ जैन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह/जिला ब्यूरो**

टीकमगढ़। भारत में वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार कानून लाया गया था जो शासन प्रशासन में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार को उजागर करने के उद्देश्य की पूर्ति का साधन है। सूचना के अधिकार कानून के तहत कोई भी भारतीय व्यक्ति किसी भी सरकारी कार्यालय से जनहित की सूचना प्राप्त कर सकता है और ऐसे कार्यालय को जानकारी 30 कार्य दिवस के अंदर उपलब्ध करानी होती है। हालांकि इस कानून के तहत कुछ गुप्त और संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है। टीकमगढ़ शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता अविरल फाउंडेशन के अध्यक्ष अमिताभ जैन ने भी इसी कानून का



उपयोग करते हुए टीकमगढ़ नगर की वार्ड न 1 में संचालित जय अम्बे प्राथमिक उपभोक्ता भंडार से सूचना के अधिकार की धारा 6 के अंतर्गत कुछ जानकारी चाही गई थी लेकिन समय अवधि निकलने के बाद भी उक्त राशन की दुकान के द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसलिए अब श्री जैन के द्वारा उक्त राशन की दुकान के खिलाफ प्रथम अपील सक्षम अधिकारी के समक्ष की गई है। श्री जैन ने बताया कि सूचना का अधिकार हर नागरिक को अधिकार देता है कि जहां कही भी कुछ गलत हो रहा हो उसको तुरंत उजागर करो। उक्त राशन की दुकान से हमने कुछ जानकारी चाही थी जो आज दिनांक तक हमे उपलब्ध नहीं हुई है। इसलिए हमने जेपी एंड एसोसिएट्स लॉ फर्म के माध्यम से प्रथम अपील की है। जेपी एंड एसोसिएट्स लॉ फर्म से अधिवक्ता आशुतोष पस्तोर ने बताया कि अगर हमें समय अवधि में जानकारी नहीं मिली तो हम इसकी दूसरी अपील सीधी राज्य सूचना आयोग को करेंगे और बहा हम सिर्फ अपील ही नहीं करेंगे साथ ही साथ दंडात्मक कार्यवाही के रूप में शास्ति की कार्यवाही भी करवाएंगे। जेपी एसोसिएट्स के दूसरे अधिवक्ता अविरल जैन ने कहा कि उक्त राशन दुकान को भले ही किसी भी बड़े राजनैतिक व्यक्ति का संरक्षण क्यों न हो लेकिन कोई भी कानून से बड़ा नहीं है। विधि का शासन सबको मानना होता है चाहे फिर वह मंत्री हो या आम नागरिक। हम पूरी कानूनी कार्यवाही करवा कर रहेंगे।

# प्रधान परिजनों के भुगतान पर बोले एडीओ पंचायत बोले देखते है

**रंजीत त्रिपाठी सीतापुर संवाददाता**
**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

लहरपुर सीतापुर । एक तरफ उच्च अधिकारियों द्वारा विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र भेजकर व समय समय पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से आदेश दिए जाते रहते है, कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के लिए आने वाली धनराशि को ग्राम प्रधान अपने परिजनों के नाम चल रही फर्मो पर व उनके व्यक्तिगत खातों में भुगतान न किया जाए और जिससे की ग्राम पंचायत में घोटालो पर रोक लगाई जा सके, उसके बावजूद सचिव व प्रधान आपस मे घालमेल करके सरकारी धन को लूट रहे है, इसी प्रकार के कई मामले जनपद की ग्राम पंचायतों से प्रकाश में आ रहे है,जिससे यह साफ दिखाई दे रहा है कि शासन के हर प्रयास के बाद भी जिम्मेदारो द्वारा जारी आदेशो की धज्जियाँ उड़ाई जा रहे है और मनमाने तरीके से ग्राम प्रधान व सचिव एडीओ पंचायत व खण्ड़ विकास अधिकारी के संरक्षण में अपने परिजनों के नाम पर भारी मात्रा में लगातार भुगतान कर रहे है जबकि जारी आदेशानुसार सम्बंधित विकास खण्डों के खण्ड़ विकास अधिकारी द्वारा कुछ समय पूर्व टीम गठित कर यह सत्यापन किया गया था कि कही ग्राम प्रधान के परिजनों के नाम कोई फर्म तो नही संचलित हो रहे है जिसमे ग्राम प्रधानो के साथ साथ फर्मो के संचालको से भी लिखित किया गया था ।बताते चले कि इसी तरह का एक मामला जनपद सीतापुर के विकास खण्ड लहरपुर की ग्राम पंचायत ताहपुर में देखने को मिला है जँहा सचिव व ग्राम प्रधान के द्वारा विकास कार्य के आये पैसे पर डाका डाला गया है प्रधान व सचिव ने पंचम और 15 वां वित्त योजना के द्वारा सचिव की मिलीभगत से वर्ष 2022 -23 ,वर्ष 2023-24 व 2024-25 में अपने परिवारीजन राजेश कुमार, श्रवण कुमार व लीलावती एक लाख रुपये से व अन्य के नाम पर लाखों रुपये का फर्जी भुगतान करके घोटाला किया गया है। जब इस सम्बंध में एडीओ पंचायत लहरपुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि देखते है।

# खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

महमूदाबाद, सीतापुर। खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यह व्यक्ति के मस्तिष्क को स्वस्थ व सक्रिय रखने में भी मदद करता है। खेल सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से सक्रिय रखने में विशेष सहयोग करता है।यह बात सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अंडर 14 ऑल ओवर चौंपियनशिप जीतकर आए प्रतिभागियों को पुरुस्कृत करते हुए कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है बल्कि लोगों को मजबूत



आत्मविश्वास व कुशल बनाने के साथ ही चरित्र निर्माण में भी विशेष सहयोग करता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा ने कहा कि मेहनत लगन और आत्मविश्वास के बलबूते हम बड़े से बड़े मुकाम को प्राप्त कर सकते है। अन्य विद्यार्थी इन विजयी प्रतिभागियों से




सीख लेकर अपना मुकाम हासिल करें। विद्यार्थियों को क्रीड़ा प्रभारी फराज अली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्र, राकेश शुक्ल, परवेज खान, बाल कृष्ण शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवनीत पांडेय ने किया।

**इन्हें मिला सम्मान (इनसेट)**-जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में रितिका पटेल को गोला फेंक में प्रथम, चक्का फेंक द्वितीय, 400 मीटर रिले रेस में तृतीय, संध्या यादव को 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ में द्वितीय, अमन यादव को 400 मीटर दौड़ प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ द्वितीय, अमन कुमार को 400 मीटर रिले रेस में प्रथम, शुभम चौहान को ऊंची कूद में द्वितीय, आलोक कुमार को ऊंची कूद में द्वितीय, शिवानी यादव को रिले रेस में तृतीय, प्रिया यादव को रिले रेस में तृतीय, खुशी वर्मा को रिले रेस में प्रथम, युगांक एवं अतुल वर्मा को रिले रेस में प्रथम आने पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन सहित अन्य शिक्षकों ने माल्यार्पण कर शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मेहता ओर काला बने पोरवाल महासभा के जिला उपाध्यक्ष

**रिपोर्टर दिनेश शुक्ला**



अखिल भारतीय पोरवाल महासभा जिला रतलाम का शपथ ग्रहण कार्यक्रम श्री रणछोड़ राय मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें आलोट से जिला उपाध्यक्ष प्रमोद मेहता जिला उपाध्यक्ष आशीष काला जिला कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बेसोटा राजेश बेसौटा ने भी शपथ ग्रहण की कार्यक्रम में आलोट पोरवाल समाज अध्यक्ष कैलाश गुप्ता युवा संगठन जिला अध्यक्ष कमल गुप्ता, पोरवाल सोशल ग्रुप के सदस्य बंधु ने अपनी गरिमा मयी उपस्थित से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया कार्यक्रम का संचालन ओ. पी. पोरवाल ने किया, आभार प्रतीक मजावदिया द्वारा व्यक्त किया गया

## अंधविश्वास - महिला को गर्म तेल में हाथ डलवानेवाले 4 हुए गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ**
**देवीलाल कुशवाहा राजगढ़**

**सत्यता प्रमाणित कराने के लिए महिला को गर्म तेल की खोलती कड़ाई में हाथ डालने के लिए किया था प्रेरित।**




नरसिंहगढ़, राजगढ़ । थाना नरसिंहगढ़ में फरियादी जीवन नट पिता रामप्रसाद नट उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुस्तानी थाना खुजनेर ने अपनी बहन जिसकी ससुराल ग्राम अंबेडकर नगर थाना नरसिंहगढ़ में है के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखाई कि उसकी बहन के ससुर और ससुर के भाइयों द्वारा धार्मिक स्थल पर मेरी बहन को परी माता आई थी तो उसकी सत्यता प्रमाणित कराने के लिए बापूलाल जो कि महिला का ससुर है ने गर्म तेल की खोलती कढ़ाई में हाथ डालने के लिए यह जानते हुए भी कि महिला की जान जा सकती है महिला को उसके ससुर व उपस्थित सेवादार जो कि महिला के ससुराल पक्ष के लोग है दुषप्रेरित किया जिससे महिला के हाथ बुरी तरह झुलस गए जिसका इलाज राजगढ़ अस्पताल में चल रहा है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 463/24 धारा 110, 45 क्ब्हस् का पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा 04 आरोपी(1) बाबूलाल पिता भंवरलाल(2) मांगीलाल पिता भवरलाल(3) नारायण सिंह पिता भवरलाल(4) मदन पिता भंवरलाल नट सर्व निवासी अंबेडकर नगर को गिरफ्तार कर वैधानिक करवाई की गई है।.,.

## 5 रुपये न होने पर नहीं हुआ मासूम का सरकारी अस्पताल में इलाज, बेबस मां लौटी घर




**ओमप्रकाश परमार,**

देवास। मध्यप्रदेश सरकार गरीब वर्ग के लोगो के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। जिसमे गरीबो के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजनान्तर्गत 5 लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क करवाया जाता है। लेकिन सरकारी नुमाइंदों ने महज 5 रुपये के लिए अधजली बेटी का इलाज नही किया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मासूम बच्ची जल गई थी। उसके इलाज के लिए मासूम की मां उसको लेकर सरकारी अस्पताल भागी। लेकिन 5 रुपये कम होने की वजह से बच्ची का इलाज नहीं हो सका। झुलसी हुई मासूम रोती चिल्लाती रही, लेकिन संवेदनहीन अस्पताल कर्मियों का दिल जरा भी नहीं पसीजा.

**5 रुपये कम होने से नहीं हुआ मासूम का इलाज**-देवास जिले से आई इस खबर ने मानव जाति की संवेदनशीलता को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिले के खातेगांव तहसील के नेमावर की रहने वाली एक महिला की मासूम बच्ची जल गई थी। मां अपनी बच्ची को लेकर नेमावर स्वास्थ्य केन्द्र गई। वहां महिला पर्ची के लिए लाइन में लग गई। नंबर आने पर पर्ची बन गई लेकिन उसके लिए उससे 20 रुपये मांगे गए, लेकिन महिला के पास 15 रुपये ही थे. कर्मचारी बाकी के 5 रुपये के लिए अड़ गया। महिला ने उससे कहा कि, उसके पास बस 15 रुपये ही है, लेकिन पर्ची काउंटर पर बैठा कर्मी नहीं माना। वह 5 रुपये के लिए अड़ा रहा.

**गुस्से में महिला ने फाड़ दी पर्ची**-जब लाचार और बेबस मां की किसी ने नहीं सुनी तो उसने गुस्से में पर्ची फाड़ दी। पर्ची फाड़ने के लिए कर्मचारी उसके खिलाफ केस करने की धमकी देने लगे। अंत में थक हारकर महिला बिना इलाज कराए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र से लौटना पड़ा। पीड़ित महिला सोनिका ने बताया कि बेटी जल गई तो इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची थी. घर से 20 रुपए लेकर निकली थी पर 5 रुपए कहीं गिर गए। अस्पताल वालों ने साफ कह दिया कि पूरे 20 रुपए ही देने पड़ेंगे. मैं मिन्नतें करती रही, लेकिन वो नहीं माने. गुस्से में मैंने पर्ची फाड़ दी तो अस्पताल वाले मुझ पर कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

**मानवीयता के आधार पर इलाज करना चाहिए था**-इस पूरे मामले पर देवास के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने कहा कि एक महिला इलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र आई थी उसने अपने और अपनी बेटी के इलाज के लिए 2 पर्ची बनवाई थी। जिसके लिए उसको 20 रुपये देना था। मानवीयता के आधार पर इलाज करना चाहिए था. मामला मेरे संज्ञान में है. इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अल्ट्राटेक सीमेंट होल पैक डम्फर सार्वजनिक रोड पर चला कर RTO के नियमों की उड़ा रहा धज्जियाँ



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मैहर। आपको बताते चले की अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की माइंस भदनपुर से बराखुर्द रोड पर माइंस है जिसकी एक रोड के एक तरफ माइंस है और दूसरे तरफ काँटा है और बीच से जो सार्वजनिक रोड जाती है वो कई गाँव जैसे मोहरबा, गोदिन, पटेहरा, घोटारी, खीरहरी, करमटिया, बरकुला, बरा, टिकर, बिहरा, जोबा आदि गाँव को ये सड़क जाती है अल्ट्राटेक का कारनामा ये है की ऋअह्र के नियमों की धज्जिया उड़ा रहा अल्ट्राटेक माइंस से होल पैक डम्फर जिन्हे सिर्फ ऑफ रोड पे ही चलाने की अनुमति होती है ये डम्फर खदान से ओवरलोड पत्थर अपने कांटे लेकर आते पर जो सार्वजनिक रोड से होकर जाता है। जिस कारण रोड तो छतीग्रस्त तो होती ही साथ इस रोड के आगे करीब 12 गाँव जुड़े है जिससे इस रोड पर भीड़ बनी रहती है और इन डम्फरों के कारण मार्ग ऑबरुद्ध होता है जिससे हादसे की बनी रहती है,आये दिन हादसे से भी सबक नहीं लेते ये सीमेंट प्लांट वाले हमारा ऋअह्र विभाग, खनिज विभाग और पर्यावरण विभाग से निवेदन है की इनकी जाँच की जाय जिससे आमजन ग्रामीणो का जीवन सुचारु रूप से चल सके।

# विजयपुर में उप चुनाव 13 नवंबर को, 18 से भरे जायेगे नामांकन फार्म



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**नौशाद अहमद कुरैशी / ब्यूरो चीफ**

श्योपुर, विधानसभा उप निर्वाचन 2024 अंतर्गत विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी होगी तथा इसी दिन से नामांकन फार्म भरने का सिलसिला प्रारंभ होगा। नामांकन फार्म रिटर्निंग आफिसर विजयपुर के समक्ष एसडीएम कार्यालय विजयपुर में भरे जायेगे। नामांकन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक अवकाश के दिवसो को छोडकर प्राप्त किये जायेगे।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित उप निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 18 अक्टूबर 2024 को जारी होगी तथा इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 तक रहेगी। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) का कार्य 28 अक्टूबर 2024 को होगा। अभ्यर्थी 30 अक्टूबर 2024 तक अपना नाम वापस लिये जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निट ऑफिसर के कक्ष में अभ्यथी सहित 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के वाहन 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित रहेगे।

## अक्टूबर तथा अक्टूबर माह के सभी शनिवार को विपणन संघ के डबल लॉक से किसानों को नगद खाद का वितरण किया जायेगा

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला प्रमुख की खबर**

दमोह -जिला विपणन अधिकारी दमोह इंद्रपाल सिंह राजपूत ने बताया सभी किसान भाईयों को रवि सीजन में सुलभता से खाद उपलब्ध हो सके ,इसके लिए 17 अक्टूबर तथा अक्टूबर माह के सभी शनिवार को विपणन संघ के डबल लॉक से किसानों को नगद खाद का वितरण किया जायेगा। आगे अब देखना यह है कि जिला अधिकारी द्वारा बतलाए हुए शब्दों का पालन करते हैं, भी या नहीं की किसान फिर से परेशान होगा खाद के लिए,प्रेषक -रामेश्वर आसीदा

**अध्यक्ष**
**जय मीनेष सेवा संगठन श्योपुर**

# कमिश्नर द्वारा स्टांग रूम, मतगणना स्थल का अवलोकन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**नौशाद अहमद कुरैशी / ब्यूरो चीफ**

श्योपुर, चंबल एवं ग्वालियर संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री द्वारा आज विधानसभा उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में बनाये गये स्टांग रूम का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके साथ ही उन्होने निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल तथा मतो की गणना के लिए बनाये जाने वाले मतगणना हॉल का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम श्योपुर श्री मनोज गढवाल, रिटर्निंग आफिसर विजयपुर विधानसभा क्षेत्र एवं एसडीएम श्री उदयवीर सिंह सिकरवार, एसडीएम कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री मनोज खत्री द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये जाने वाले स्टांगरूम का अवलोकन किया गया तथा स्टांगरूम की सुरक्षा के लिए किये गये प्रबंधो का जायजा लिया गया। इसके साथ ही उन्होने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सामग्री वितरण स्थल तथा मतगणना हॉल आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन को लेकर की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन द्वारा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न निर्वाचन कराने के लिए सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में अवगत कराया गया।

# विधुत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्यवाही करते हुए 16 प्रकरण पर 02 लाख 50 हजार का जुर्माना अधिरोपित

**बकाया राशि के 24 नग कनेक्ड़शन को मौके से विच्ड़छेदित कराया गया बिजली विभाग द्वारा जांच दल गठित कर चलाया गया विशेष अभियान**

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**

दमोह- जिले में कम खपत वाले विद्युत उपभोक्ताओं के विरूद्ध टीम दल गठित की गई ओर विशेष अभियान चलाकर चैंकिंग की कार्यवाहीकी गई।अधीक्षण अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सुभाष नागेश्ड़वर ने बताया 06 वितरण केन्ड़द्रों के प्रभारियों की विशेष टीम बनाकर दमोह शहर के 597 कम खपत वाले विद्युत उपभोक्ड़ताओं के बिलों की जांच कर उनके घरों को चिन्हित किया गया। जांच के दायरे में मुख्ड़य रूप से उन उपभोक्ड़ताओं को चिन्हित किया गया, जिनकी विद्युत खपत लोड के अनुसार कम आ रही है या वे अटल गृह ज्योति योजना का लाभ उठाने के लिए मीटर में किसी प्रकार से छेड़छाड व अन्य प्रयोग कर रहे है।उन्होंने बताया ऐसे 326 विद्युत उपभोक्ड़ताओं के घरों का निरीक्षण टीम दल द्वारा किया गया। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान जहां भी मीटर/सर्विस लाइन में अनियमित्ड़ता पाए जाने पर मौके पर ही विधुत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्यवाही करते हुए 16 प्रकरण बनाए गए एवं 02 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। साथ ही बकाया राशि के 24 नग कनेक्ड़शन को मौके से विच्ड़छेदित किया गया। अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्ड़वर ने बताया इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान सहायक अभियंता आर.के.दुबे, कनिष्ठ अभियंता फरीद अंसारी, रविशंकर तिवारी, प्रदीप परिहार, शिवदयाल अहिरवार, लाइनमेन, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बारिश में बह गई मंडी में रखी सैकड़ों क्विंटल मक्का, बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल



**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता-सविता विश्वकर्मा**

दमोह/तेंदूखेड़ा- दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में अचानक हुई तेज बारिश से किसानों की सैकड़ों क्विंटल मक्का की फसल पानी में बह गई। किसान अपनी फसल लेकर कृषि मंडी पहुंचे और अचानक बारिश इतनी तेज आई कि कोई बचाव के साधन नहीं जुटा पाया। पानी में मक्का बहने से एक किसान की फसल दूसरे किसान के ढेर में मिल गई। इसके अलावा तेजगढ़ थाने अंतर्गत बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल हो गई जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।बता दें कि तेंदूखेड़ा ब्लॉक में मक्का की उपज बहुत ज्यादा हुई है। दूर दराज से किसान मक्का बेचने तेंदूखेड़ा कृषि मंडी ला रहे हैं। बीते दिन भी हजारों क्विंटल मक्का बिक्री के लिए मंडी आई थी। कई किसानो की मक्का बिक चुकी थी और कई की बिक्री के लिए खुले मैदान में रखी थी। इसी समय अचानक हुई तेज बारिश में सैकड़ों क्विंटल मक्का बहकर यहां-वहां फैल गई। रामादेही निवासी बबलू घोसी ने बताया कि सोमवार को कई किसान मक्का लेकर आए थे और सभी ने अपने-अपने अलग-अलग ढेर लगा दिए थे। अचानक बारिश शुरू हुई जिसमें मक्का के ढेर बह गए।

किसान शिवशंकर घोसी ने बताया कि ढेर अलग-अलग किसानों के लगे थे। अचानक तेज बारिश के बाद मक्का बह गई और एक दूसरे के ढेर में मिल गए जिसमें किसानों को बड़ा नुकसान हो गया है।

**आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाएं घायल**-तेजगढ़ थाने अंतर्गत इमलिया में बिजली गिरने से दो महिला मजदूर घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार वर्षा पति प्रताप आदिवासी 28 और लक्ष्मी पति नबल आदिवासी हरदुआ निवासी खेत में कार्य कर रही थीं। उसी समय आकाशीय बिजली गिरी और दोनों महिलाएं चपेट में आ गईं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बकरीपालन कार्यक्रम संपन्न

**3 दिवसीय दमोह में आयोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण पूर्ण**



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/**
**बृजेश कुर्मी (सरकार)**
**जिला ब्यूरो दमोह**

आज दमोह में कृषि विज्ञान केंद्र में 3 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के अनेक जिलों के युवा उद्यमी व किसानो ने भाग लिया यह 3 दिवसीय कार्यक्रम आज संपन्न हुआ इसमें बकरीपालन कैसे करें क्या 2 इसमें सावधानी व अन्य सभी जानकारी उपलब्ध कराई गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मनोज कुमार अहिरवार जी कृषि वैज्ञानिक कार्यक्रम के संचालक श्री हिमांशु विश्वकर्मा जी अन्य वैज्ञानिकों ने भी अपने विचार रखे व बड़ी अच्छी जानकारी सभी के लिए प्रदाय की प्रमाणपत्र प्रदाय किये गये

# जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार सतना पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय दे दी करोड़ों की सौगात

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सतना। नगरीय आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंगलवार को अल्प प्रवास पर सतना पहुंचे थे विजयवर्गीय सतना जिले के प्रभारी मंत्री हैं। यहां उन्होंने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया कार्यक्रम दादा सुखेंन्द्र सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया था इसके अलावा उन्होंने स्टेडियम का भी निरीक्षण किया उन्होंने आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में बीजेपी के जीत का दावा किया वहीं, हरियाणा विधानसभा नतीजों को लेकर इशारों-इशारों में विपक्ष पर तंज भी कसा।

**जिले का प्रभार मिलने के बाद पहला दौरा**-मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सतना का प्रभारी मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद कैलाश विजयवर्गीय पहली बार सतना पहुंचे थे उन्होंने दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में, शहर के अंदर किए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया साथ ही



स्टेडियम का निरीक्षण भी किया इसके बाद प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा भी की वहां से वे भाजपा कार्यालय गए, जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकत की इसके बाद हेलिकॉप्टर से जबलपुर के लिए रवाना हो गए इस दौरान राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह जिले के विधायक और कई अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए कहा,जब मैं विद्यार्थी परिषद में काम करता था, तब सतना छोटा से कसबा हुआ करता था अब यह शहर हो गया है। यहां मेट्रो सिटी लेवल का इन्फ्रास्ट्रक्टर है। जिन सुविधाओं की कमी है उसको भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा इसके अलावा विजयवर्गीय ने महाराष्ट्र और झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर कहा,इन दोनों राज्यों में हम सरकार बनाएंगे साथ ही उन्होंने विपक्ष पर कमेंट करते हुए कहा, ÷हरियाणा में लोग सर्वे में बीजेपी को 20 सीटें दे रहे थे सर्वे में हम छत्तीसगढ़ भी हार रहे थे लेकिन बीजेपी ने दोनों जगह सरकार बनाई।

## एक नजर...

### मगरोन के लिधौरा में दोनों पक्षों में पथराव का मामला आया सामने।

**दमोह से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

**ठाकुर पक्ष के 13 लोगों पर बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध, तलाश जारी ।**



दमोह.- जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के फतेहपुर चौकी के समीप लिधौरा गांव में 14 अक्टूबर सोमवार की रात करीब 9 और 10 बजे के बीच दो पक्षों किसी बात को ही चलते आमने-सामने आकर पथराव की घटना हो गई। जिससे विवाद की पस्थिति निर्मित हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर मगरोन और फतेहपुर पुलिसकर्मी पहुंचे, और पहुंचकर शांति स्थापित करने का भरपूर प्रयास किया तत्पश्चात पुलिस कर्मियों को भी हो रहे दोनों पक्षों से पथराव का सामना करना पड़ा, खबर लिखे जाने तक स्थिति सामान्य है.प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया है कि 12 अक्टूबर को मां देवी विसर्जन के दौरान दोनों पक्षों का रास्ते से निकलने को लेकर आपस में अन्य किसी बात को लेकर विवाद हुआ रहा शायद, जहां मगरोन पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर मामला दर्ज करते हुए, विवेचना शुरू कर दी। पुलिस से जानकारी मुताबिक कि इसी दौरान पुनः 14 अक्टूबर की रात्रि करीब 9 बजे सचेंद्र जब अपने घर जा रहा था।तभी दूसरा पक्ष ठाकुर समुदाय ने सचेंद्र को रोककर कहा कि शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे हो, इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष ने सचेंद्र को 1-2 झापड़ मार दिए, जिससे इसी उपरांत को चिल्लाते हुए परिवार जनों को आवाज लगाते हुए, तत्पश्चात आवाज सुनकर परिवार जैन एकजुट हो गए, फिर शायद दोनों पक्षों में आमने-सामने आकर ईट- पत्थर के टुकड़ो से फेंक कर पथराव की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे दोनों पक्षों के दो-दो तीन-तीन लोगों को चोटे आ जाने पर करवाई की जा की जा रही है. साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा बीच बचाव करने पर दो-तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. बता दें कि 14 अक्टूबर की रात्रि जैसे ही पुलिस को विवाद की खबर लगी, तो तत्काल मौके पर मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल, फतेहपुर चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक उत्तम, राजकुमार, केवल नारायण, आरक्षक शशांक,संदीप, पवन पाठक, नारायण,रामशंकर,नवल सिंह और भी पुलिस बल ने पहुंचकर विवाद को शांत कराकर दमोह पुलिस को सूचित किया. जहां मौके पर सूबेदार अभिनव साहू पुलिस बल रात भर तैनात रहे। मंगलवार की शाम दमोह पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीओपी रघु केसरी पथरिया, आरआई हेमंत बरहैया, महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान, देहात थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी, बटियागढ़ थाना से सब इंस्पेक्टर एसके दुबे, मडियादो से सब इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, हटा थाना, हिंडोरिया थाना और भी थानों का करीब 40 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का बल वज्र वाहन के साथ लिधौरा गांव पहुंचा, जहां गांव में दो-दो बार पैदल मार्च निकालकर अब शांति कायम करने की अपील की,जानकारी देते हुए पथरिया एसडीओपी रघु केसरी ,ने बताया कि मगरोन थाना के ग्राम लिधौरा में पटेल और लोधी समुदाय के दो पक्ष आमने-सामने आकर पथराव किया था। जहां विवाद की स्थिति निर्मित हो जाने पर प्रार्थी सचेंद्र पटेल पिता गोकुल पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी लिधौरा की रिपोर्ट पर बलवा सहित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 13 लोगों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने तंबाकू और नशे के खिलाफ खोला मोर्चा, कोटपा एक्ट के तहत 38 लोगों पर कार्रवाई

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव और तंबाकू सेवन की गंभीर समस्याओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के नेतृत्व में रीवा पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया।इस अभियान का उद्देश्य कोटपा एक्ट (सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) के तहत सख्त कार्रवाई करना और जनता को तंबाकू एवं नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यह अभियान सक्रिय रूप से चलाया गया।कोटपा एक्ट के तहत कई महत्वपूर्ण नियम लागू किए गए है।जिनमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर पूर्ण प्रतिबंध, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक,18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक, और शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के भीतर तंबाकू का सेवन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शामिल है।

**विशेष अभियान की कार्रवाई**-शहरी थाना क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने विश्वविद्यालय कोतवाली,अमहिया, सामान,बिछिया और अन्य क्षेत्रों में व्यापक रूप से छापेमारी की।इन स्थानों पर तंबाकू और अन्य नशे के उत्पादों के अवैध बिक्री और सेवन पर सख्त नजर रखी गई।पुलिस द्वारा कुल 38 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई,जिन पर कानून के उल्लंघन का आरोप था।

**पुलिस अधीक्षक की चेतावनी**-इस अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने स्पष्ट किया कि नशे और तंबाकू के खिलाफ यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में तंबाकू और नशे के सेवन को रोकने के लिए पुलिस सख्त कदम उठाएगी। कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**जागरूकता और सहयोग की अपील**-पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की कि वे नशे और तंबाकू से दूर रहें और इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें।उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।बल्कि यह समाज के नैतिक मूल्यों को भी कमजोर करता है।इसके अलावा,युवाओं को तंबाकू और नशे से बचाने के लिए समाज को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।यह अभियान जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अन्य अभियानों का हिस्सा है।पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## एक नजर...

### होदड़िया में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

महेश्वर विकासखण्ड के ग्राम होदड़िया में दूषित पानी पीने से गांव में लोगों को उल्टी दस्त की समस्या होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया एवं बीएमओ महेश्वर द्वारा तत्काल कार्यवाही कर ग्राम ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 07 लोगों को ग्राम में ही बॉटल लगाई गई। साथ ही 35 दस्त उल्टी, बुखार के 5, पेट दर्द के 94, चक्कर वाले 02 व्यक्तियों को उपचार किया गया। साथ ही ग्राम में आशा, एएनएम के 6 दलों का गठन कर प्रत्येक घर में ओआरएस, जिंक एवं क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान, रेपिड फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे, करवाया गया और स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा दी गई। जो लोग शिविर स्थल तक नहीं आ पा रहे थे उन्हें घर पर जाकर उपचार दिया गया। शिविर में डॉ. आकाश पाटीदार, डॉ. निलेश पाल, सीएचओ सौरभ शर्मा, भारती कोठे, एएनएम संगीता डावर एवं आशा, आशा सहयोगी मेडिकल स्टाफ द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए एक दिवस में प्रत्येक घर तक स्वास्थ सेवा उपलब्ध करवाई गई। साथ ही आगामी दो दिवस के लिए शिविर निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। ग्राम के पेय जल स्त्रोतों में क्लोरिनेशन करवाया गया एव पंचायत से समन्वय कर शुद्ध पेयजल हेतु पानी के टेंकर द्वारा जल वितरण की व्यवस्था सीएमएचओ द्वारा करवाई गई।

चलित खाद्य प्रयोगशाला ने उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति किया जागरूक

### 20 खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्धता की तत्काल प्राथमिक जाँच की



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार दीपावली के पर्व पर खाद्य पदार्थों की चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा खरगोन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक भ्रमण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान खाद्य कारबारकर्ताओ को अधिनियम, नियम, विनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्वता की तत्काल प्राथमिक जाँच की गई है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से शासकीय कन्या हायर सेंकन्डरी स्कूल बालसंमूद की छात्राओं को मिलावट के प्रति जागरुक किया एवं सामान्य परीक्षण करके बताया गया और फूड फोर्टिफिकेशन के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 20 खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्धता की तत्काल प्राथमिक जाँच की गई। इनमें जय भोले किराना अभापूरी से मोटी सेंव, क्रिम रोल, फरियाली, मूगफली दाने, मसाला एवं मिर्च पावडर की, न्यू तोमर किराना अभापूरी से चावल,साबुदाना एवं गरम मसाला की, न्यू विशाल टेडर्स अभापूरी से पोहा, चावल, चनादाल, मसाला एवं तुवर दाल की, होटल डिलक्स एवं कोलडिंगस अभापूरी से इमरती,सेंव,मावा बर्फी एवं पेडा की, अमन होटल अभापूरी से इमरती एवं सेंव की, रविन्द्र राडोर किराना अभापूरी से मिक्चर एवं चिप्स की, वल्लभ स्वीटस तिलक पथ खरगोन से मिल्क केक एवं मलाई बर्फी की, रुपश्री स्वीटस एम.जी.रोड खरगोन से मिल्क केक, खोपरा पांक एवं मोतीचूर लडडु की, कल्लु पेडा वाला श्रराफा बाजार खरगोन से पेडा एवं मावा की, राज राजेश्वरी दुध डेयरी तलाई मार्ग खरगोन से दुध एवं घी, शक्ति दुध डेयरी नुतन नगर खरगोन से दुध, मावा एवं घी की, सिंगाजी दुध डेयरी सानावद रोड खरगोन से दुध, मावा, पनीर एवं घी की, नयन टेडर्स जवाहर मार्ग खरगोन से गुड, तुवरदाल, मुगफली दाना एवं घी की, नमन टेडर्स जवाहर मार्ग खरगोन से जीरा, हल्दी पावडर, मिर्चपावडर, धनिया पावडर एवं गरम मसालें की, सोडम सुपर बाजार बालसुमुद से चावल, तुवरदाल, साबुदाना, सोयाबिन तेल, दाल चिनी एवं तेजपत्ता की, वर्मा होटल बालसुमुद से बेसन, सेंव एवं मैदा की, संतोष होटल बालसुमुद से मिल्क केक, बर्फी, बेसन, मैदा एवं सोयाबीन तेल की, निमाडी अमर टी बालसुमुद से धनिया पावडर, मिर्च पावडर, हल्दी पावडर एवं मसालें की, मुकेश होटल बालसुमुद से बेसन एवं सेंव की जांच की गई है। इस कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एच.एल. आवास्या एवं श्री आर.आर.सोलकी, मयूरी डोंगरे एवं नरसिंह सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा विनय सांकेत, केमिस्ट उपस्थित रहे।

# तीर्थ दर्शन योजना में खाचरोद जनपद के साथ सौतेला व्यवहार क्यो

**गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में हाल ही में सितंबर और अक्टूबर माह में पांच यात्राएं निकली जिन यात्राओं में चयनित यात्रियों की सूची यदि देखें तो उसमें देखने में आता है कि जिले की सबसे बड़ी जनपद पंचायत खाचरोद के साथ हर बार सौतेला व्यवहार ही होता हुआ दिख रहा है क्योंकि तीर्थ दर्शन यात्रा में चयनित यात्रियों की सूची देखे तो चुनिंदा यात्रा को छोड़ दे तो जिले की सबसे बड़ी जनपद कही जाने वाली जनपद से किसी यात्रा में 1 तो किसी किसी यात्रा में 2 या 3 यात्रियों का चयन हुआ ! हाल ही में सितंबर ओर अक्टूबर में तीर्थ दर्शन योजना के अंतगर्त रामेश्वर के लिए 21 सितम्बर को रवाना हुई यात्रा में नाम मात्र के चयन हुए उसके बाद, मथुरा वृंदावन यात्रा में जनपद से केवल 1 यात्री का चयन हुआ और जब यह मुद्दा मीडिया में सुर्खियां बना और क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमतिराधिका कुंवर गजेन्द्रसिंह ने इस पर संज्ञान लिया तो उनके हस्तक्षेप ले बाद 6 यात्रीयो का ओर चयन हो पाया, फीर कामाख्या देवी यात्रा जो 13 अक्टूबर




को गई उसमें जनपद से 3 यात्रीयो का चयन हुआ, वही अब 21 अक्टूबर को अमृतसर ले लिए यात्रा जाने वाली है जिसमे खाचरौद जनपद पंचायत से 2 यात्रीयो का चयन हुआ है ! इसके लिहाज से यह कहना गलत नही होगा कि जिले की सबसे बड़ी जनपद पँचायत के साथ तीर्थ दर्शन योजना में सौतेला व्यवहार ही होता है !

**निकायों के लिए अलग अलग हो लाट्री**

–अभी तक तीर्थ दर्शन यात्रा में चयन के लिए पूरे जिले की एक साथ लॉटरी निकल जाती है जिसके कारण देखने में आता है कि किसी जनपद या नगर पालिका या नगर पंचायत या नगर निगम से अधिक यात्रियों का चयन होता है तो किसी निकाय से नाम मात्र यात्रियों का चयन होता है इसके लिए जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वह लक्ष्य के अनुसार सभी निकायों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय करें और उसके बाद सभी निकायों से आने वाले आवेदनों की अलग-अलग लॉटरी व्यवस्था की जाए यदि ऐसा होता है तो सभी निकायों को एक निश्चित अनुपात में तीर्थ दर्शन यात्रियों का लाभ वहां के निवास करने वाले यात्रियों को मिल सकता है किंतु क्या जनप्रतिनिधि ऐसा करवा पाएंगे यह भी एक बड़ा प्रश्न है !

**स्थाई सीईओ ही नहीं भटकते हैं लोग**

–खाचरोद जनपद पंचायत की बात करें तो यहां वर्तमान में सीईओ जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पोस्ट पर कोई भी स्थाई अधिकारी नहीं है और वर्तमान में इस पोस्ट पर अन्य जनपद पंचायत के अधिकारियों के पास चार्ज है ऐसे में सप्ताह में एक या दो दिन इन अधिकारियों का आना होता है जिले की सबसे बड़ी जनपद होने के बाद यह हाल है जिसके कारण जनपद के कई सारे कार्य समय पर नहीं हो पाते हैं और लोग भी इधर-उधर भटकते रहते हैं जबकि आए दिन जनपद पंचायत कार्यालय की मुख्य कार्यपालन अधिकारी का गेट अधिकांश समय बंद ही मिलता है क्या यहां की जनप्रतिनिधि एक स्थाई सीईओ की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे क्योंकि यह पोस्ट काफी दिनों से रिक्त ही है जहा पोस्टिंग तो हुई थी पर जॉइनिंग अब तक नहीं हुई

**साधारण सभा मे रखेंगे विषय–**

पूर्व में भी मेरे द्वारा इस विषय में बात की गई थी और अब भी साधारण सभा के साथ ही अन्य स्थानों पर इस बात को रखते हुए किस प्रकार से क्षेत्र को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिले इसके लिए प्रयास करूंगी !श्रीमतीराधिका
**कुंवर गजेन्द्रसिंह सोलंकी**
**सभापति महिला बाल विकाश जिला पँचायत**

# मऊगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी, भगवान के मुकुट चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**रीवा संवाददाता शिवेन्द**

मऊगंज के थाना शाहपुर पुलिस ने भगवान गणेश, माता जी और शंकर जी के मुकुट चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान प्रमोद तिवारी और दिवाकर प्रसाद सोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की चाँदी की सिल्ली और चोरी के समय पहने गए वस्त्र भी बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक रसना



ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पाण्डेय और एसडीओपी अंकिता सुल्या के निर्देश पर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र पटेल और उनकी टीम ने इस मामले में सफलता प्राप्त की।

**मामले का विवरण–**

- 7 अक्टूबर को भगवान गणेश, माता जी और शंकर जी के मुकुट चोरी हुए
- थाना शाहपुर में अपराध क्रमांक 309/24 दर्ज किया गया
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी प्रमोद तिवारी की पहचान हुई
- आरोपी ने मुकुट चोरी कर दिवाकर प्रसाद सोनी को बेच दिए थे

**गिरफ्तार आरोपी–**

- प्रमोद तिवारी (19 वर्ष), निवासी ग्राम ईटौरा
- दिवाकर प्रसाद सोनी (निवासी ग्राम भलुहा)

जप्त सामग्री-
- चाँदी की सिल्ली (40.69 ग्राम)
- चोरी के समय पहने गए वस्त्र

# 05 वाहन जप्त कर 26 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल




**सुनील कुमार जाट की रिपोर्ट**

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा आज शाजापुर, गुलाना, कालापीपल, अरनियाकला आदि क्षेत्रों में स्कूली वाहनों बस, मैजिक, ऑटो व अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की कार्रवाई की गई।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि चेक किए गए। 5 वाहनों को जप्त कर पुलिस थाना की अभीरक्षा में रखा गया। साथ ही वाहनों से 26 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई।

# हटा खाद खरीदने गए बाइक सवार भाइयों को टेक्टर ने मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर....



**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान न्यूज**
**संवाददाता/ दीपेंद्र पटेल**

दमोह/हटा-* जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहारी के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने हटा खाद खरीदने गए बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक में सवार दोनों को गंभीर हालत इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां दोनों का चेकअप के उपरांत ड्यूटी रत डॉक्टर ने आकाश पिता काशीराम पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी लुहारी को मृत घोषित कर दिया और दूसरा गंभीर रूप से घायल भूपत पिता निरपत पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी लुहारी का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है. मौके पर जिला अस्पताल चौकी से प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे ने पहुंचकर घायल के बताएं अनुसार जानकारी ली.

# मोकड़ी में हुई मोटरसाइकिल और लहसुन की चोरी

**गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान**

बीती रात को गांव मोकड़ी में लहसुन और मोटरसाईकिल चोरी हो गई इसको लेकर समाचार द्वारा एक दिन पूर्व ही आग्रह किया गया था! क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ने लगी हैं इसके पहले भी तीन दिनों पहले गांव सकतखेड़ी में एक किसान के घर से लहसुन चोरी हो चुकी हैं और अब गांव मोकड़ी में एक ही रात में दो जगह चोरी होना कहीं न कहीं लोगों को भयभीत करने जैसा है चापाखेड़ा चौकी पर पूर्ण स्टॉफ नहीं होने के कारण भी दिक्कतें आ रही हैं वैसे वर्तमान स्टॉफ द्वारा प्रतिदिन रात्रि में गस्त दी जा रही है!

## पुलिसकर्मी से मारपीट मामले ने पकड़ा तूल, चौरसिया समाज ने निष्पक्ष जांच को लेकर एसपी को सौपा ज्ञापन



**प्रवीण गौतम**
**के. हिंदुस्तान न्यूज़ ब्यूरो चीफ मैहर**

मैंहर में बीते दिनों चल समारोह के दौरान पुलिसकर्मी के साथ भाजपा नेता ने मारपीट की थी जिसके बाद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे शहर में परेड निकाला था आज इसी मामले पर निष्पक्ष जांच की मांग की लेकर मैहर के चौरसिया समाज ने आरोपी अरुण चौरसिया के पक्ष में आ कर एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है समाज के लोगो ने बताया कि पुलिसकर्मी नशे की हालत मर धुत्त था सामने से आमजन को गाली गलौज कर रहा था जिस वजह से वहां हाथापाई हुई इस मामले पर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए शराब के नशे में धुत्त पुलिस वाले पर भी कार्यवाही की मांग की है।

## आर्यिका अनंतमति माताजी ने किए केशलोचन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**आशीष शर्मा**



सनावद- नगर में चातुर्मासरत गणिनी आर्यिका 105 अनंतमति माताजी ने केशलोचन किया। सन्मति काका ने बताया की चूंकि दिगंबर साधु समस्त परिग्रह से रहित होते है तथा अपने पास केवल एक मयूर पंख से बनी पिच्छी रखते है अतः बालों को हटाने के लिए वे उस्तरा आदि अपने पास नहीं रख सकते व ना ही इनका प्रयोग कर सकते और चूंकि साधु स्वावलंबी होते है और उनकी चर्या सिंह के समान होती है इस लिए बाल हटाने के लिए किसी का सहारा भी नही लेते। इस लिए वे अपने हाथों से बालों को नोंच कर उखाड़ते है। इस क्रिया को केश लोंच कहते है। वैसे केशलोंच परिषह सहन करने के लिए भी जरूरी होता है। दिगम्बर मुनि महाव्रती होते है और 22 परिषह को सहज ही सहन करते है तथा 28 मूल गुणों का पालन करते है जिसमे हाथों से केशलोंच करना एक आवश्यक क्रिया है। और चूंकि केशलोंच करने से भी अनेक परजीवी छोटे जीवों की विराधना होती है जिसके प्राश्चियत स्वरूप माताजी महाराज जी उस दिन निराहार रह कर उपवास भी रखते हैं। अतः दिगम्बर मुनि अहिंसा की जीवंत छवि होते है जिनसे किसी भी जीव को किसी तरह का कोई भय नही रहता है। मुनि स्वयम भी अभय होते है और दूसरों को भी अभय ही प्रदान करते है। इस शुभ अवशर पर अनेक समाजजन उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग दमोह की कार्यवाही हटा के गूड़ा भिलोनी ,खमरगौर में अवैध मदिरा जब्त



**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान न्यूड़/**
**संवाददाता/ दीपेंद्र पटेल हटा ***

दमोह/हटा-आबकारी विभाग दमोह वृत्त हटा द्वारा रविन्द्र खरे जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में ड़मरगौर व गुड़ा भिलोनी में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 28 पाव अवैध देशी मदिरा प्लेन एवं मसाला बरामद कर विधिवत जप्त कर कुल 2 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए.अवैध मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 2600 /- रुपए है. उपरोक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड द्वारा की गई. कार्यवाही में आबकारी आरक्षक ज्ञानेंद्र ठकोरिया ,अरविंद जाटव, भूपति सिंह व महिला आबकारी आरक्षक मेघा अहिरवार व धर्मेंद्र राजोरिया नगर सैनिक सहयोगी रहे.

# देपालपुर सरकारी अस्पताल में गंदगी ऐसी की स्वस्थ व्यक्ति बीमार हो जाए



**चेतन व्यास, केसरिया हिंदुस्तान**

देपालपुर~ अस्पताल के बाहर कई जगह कचरे का अंबार, कई जगह गंदा पानी भरा। अस्पताल के बाहर गंदगी और कचरे का अंबार लगा लेकिन शायद जिम्मेदार अधिकारियों को यहां की गंदगी नही दिखती । अस्पताल परिसर के बाहर व अंदर भी कई जगह गंदगी फैली है। साफ सफाई पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। लोगों को साफ सफाई का संदेश देने वाला स्वास्थ्य विभाग ही जब लापरवाह होगा तो मरीज कैसे स्वस्थ होंगे। कहने को तो मध्यप्रदेश में पूरा भाजपा का परचम है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता को पहली प्राथमिकता देते है लेकिन जिस जगह सबसे अधिक स्वच्छता होना चाहिए वहीं गंदगी पसरी पड़ी है । गंदगी की वजह से मरीज़ों को संक्रमण का खतरा बना रहता है । लेकिन कई बार देपालपुर शासकीय अस्पताल में फैली गंदगी और कचरे से संबंधित खबर आने के बाद भी यहां कोई सुधार नही हुआ है । जबकि देपालपुर विधानसभा में नगरपंचायत अध्यक्ष और विधायक, सांसद सब बीजेपी के है ऊपर से नीचे तक भाजपा की सरकार होने के बाद भी यहां के हाल बेहाल है कई गांवों के लोग यहां इलाज व जांचे करवाने आते है कई बार लोगो को उनकी जांच रिपोर्ट भी एक दो दिन बाद दी जाती है। कई जांचों के लिए मरीज को मना कर दिया जाता है जबकि वह जांचे देपालपुर के सरकारी अस्पताल में होती है । यहां खून की जांच सीबीसी, टाईफाइट, डेंगू आदि सभी जांचे होती है जिनका शुल्क भी मध्यप्रदेश शासन द्वारा 10 रुपये रखा गया है। कई लोगो को इसकी जानकारी नही होने की वजह से वह प्राइवेट अस्पतालों में भारी रकम चुकाकर यह जांचे करवाते है और जिन्हें पता होता है वह जांच करवाने आते है तो उन मेसे भी कई बार लोगो को उनकी जांच रिपोर्ट दूसरे दिन दी जाती है। इतनी लापरवाही के बाद भी यहां कोई सुधार नही है । जब हमारे तहसील रिपोर्टर अस्पताल पहुचे ओर देखा तो इलाज करवाने के लिए पुरुषों ओर महिलाओ के लिए अलग लाइन की व्यवस्था भी नही मिली व संपर्क सूत्र शासकीय अस्पताल में महत्वपूर्ण संपर्क नंबर लिस्ट से जिला अस्पताल इमरजेंसी एवं ट्रामा सेंटर इमरजेंसी का टेलीफोन मोबाइल नंबर ही गायब मिला।

# मैहर में कीर्तिमान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 19 अक्टूबर को

**प्रवीण गौतम**
**केशरीया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ मैहर**




मैहर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान विगत 42 वर्षो से संयोजक सचिव डॉक्टर कैलाश जैन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कीर्तिमान कवि सम्मेलन दिनांक 19 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को रात्रि 8ः30 बजे से कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है, इस 43 वे कीर्तिमान कवि सम्मेलन में देश के विख्यात गीतकार, हास्य, व्यंगकार, सभी रस से समाहित कवि गण में संचालन कर्ता डॉक्टर प्रवीण शुक्ल दिल्ली के नेतृत्व में सर्व श्री डॉक्टर विष्णु सक्सेना अलीगढ़, सुश्री सबीना अदीब कानपुर, कमलेश शर्मा इटावा, अभय सिंह निर्भीक अयोध्या, सर्वेश अस्थाना लखनऊ, हेमंत पाण्डेय कानपुर, द्वारा आप सभी को अपने मधुर काव्य के द्वारा मंत्र मुग्ध किया जाएगा। ज्ञात हो विगत 42 वर्षों से इस कीर्तिमान कवि सम्मेलन में देश के लगभग सभी कवि गणों ने आकर मां शारदे की नगरी में काव्य पाठ कर मैहर की धरा के लोगो को गौरांवित करा चुके है। मैहर में मां शारदा , उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खां संगीत, स्वामी नीलकंठ गुरु महराज, मुड़िया बाबा की तपों स्थली, उद्योग, पान ,खेल, रिकार्ड गौरव दिवस के साथ साथ ÷÷कीर्तिमान÷÷ कवि सम्मेलन के लिए प्रसिद्ध है जो कि सर्वथा सार्थक युक्त कहना उचित होगा। निश्चित ही वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर कैलाश जैन जी द्वारा आयोजित ÷÷कीर्तिमान÷÷ कवि सम्मेलन का मैहर जिले की धरा के काव्य प्रेमी देव तुल्य जनता जनार्दन को देखने सुनने की आतुरता बनी रहती है। वास्तव में यह कीर्तिमान कवि सम्मेलन अपने नाम के अनुरूप रिकार्ड बनाते हुए कीर्तिमान की पताका सम्पूर्ण भारत में बिखेर रहा है, इस अवसर पर डॉक्टर कैलाश जैन जी ने आप सभी काव्य प्रेमी जनता जनार्दन से करबद्ध आग्रह प्रार्थना करते हुए इस कवि सम्मेलन को मैहर की धरा का कवि सम्मेलन मानते हुए आप सभी परिवार सहित 19 अक्टूबर को सादर आमंत्रित है। आप सभी के सहयोग के प्रतिफल के फलस्वरूप यह कवि सम्मेलन विगत 42 वर्षों से निरंतर चलायमान होकर 43 वे कीर्तिमान कवि सम्मेलन के आयोजन में सफलता पूर्वक अग्रसर है।

## निवाड़ी जिला से असफार खान बने रॉयल प्रेस क्लब के महासचिव



**निवाड़ी** - पत्रकारों की समस्याओं उनके उज्जवल भविष्य के बहुआयामी प्रयासों एवं शासन की पत्रकारों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यरत रॉयल प्रेस क्लब भोपाल 2 दशकों से अधिक समय से क्रांतिकारी कदमों के साथ संघर्षरत है रॉयल प्रेस क्लब के सागर संभाग के अध्यक्ष श्री एम ए खान अफसर की अनुशंसा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अरविंद सिंह चौहान की सहमति से पत्रकार असफार खान को निवाड़ी जिले का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है जिले के पत्रकारों के अधिकारों पत्रकारों को मीडिया शिक्षा स्वास्थ्य के अलावा भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पत्रकारों को लाभ दिलाने के लिए मदद एवं सहयोग करेंगे प्रेस क्लब का जिला महासचिव नियुक्त होने की खबर जैसे ही क्षेत्र के लोगों को पता चली असफार खान को फेसबुक एवं व्हाट्सएप और मोबाइल के माध्यम से बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया बधाई देने वालों में मध्य प्रदेश पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष गौरव खरे वर्किंग जर्नलिस्ट आर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष गुड्डू महाराज राजेश तिवारी रूपेंद्र राय कमल सोनी दीपक नामदेव डीके अहिरवार अमित जोशी प्रेम नारायण यादव शामिल रहे

## अंडा मांस खाने के लिए कहने वाले डॉक्टर खुद अज्ञानी, रोगी हैं, सामने ले आओ, चैलेंज के साथ उनके रोग बता दूंगा- बाबा उमाकांत जी महाराज



लखनऊ (उ.प्र.)इस समय के पूरे समर्थ सन्त, वक़्त गुरु, दु:खहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने शरद पूर्णिमा सतसंग कार्यक्रम में लखनऊ में बताया कि गौ माता का मांस खा रहे, बहुत बड़ा पाप लगता है, नरक भरे पड़े हैं। शेयर और ऑनलाइन सामान बेचने में बहुत बड़ा रिस्क, जुआं है। इससे बचो। मृत्यु की याद से, जवानी, धन और कुर्सी का नशा उतर जाता है। विश्वास करो, जब तक जियोगे, किसी चीज की कमी नहीं होने पाएगी और मरने के बाद भी गुरु संभाल करेंगे। अंडा, मांस, शराब आदि चीजें शरीर को अस्वस्थ करती हैं। आप भी सुनिए अंडा मांस खाने की सलाह देने वाले डॉक्टर रों को सन्त श्री का ये खुला चैलेंज।

## मैहर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई विभागीय अधिकारियों की बैठक



मैहर/ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ की अध्यक्षता में खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 की फसल, पशु पालन, मत्स्य पालन, एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरपाटन SDM आरती यादव ने मैहर जिले की सारी उपलब्धियों को एक साथ समाहित कर रचना की,जिसे आज सप्रेम भेट किया



**प्रवीण गौतम**
**केसरिया हिंदुस्तान न्यूज़ ब्यूरो चीफ मैहर**

जिला कलेक्टर श्री रानी वाटड कोजिले के स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम अमरपाटन श्रीमती आरती यादव द्वारा रचित मैहरगान ÷हे मां शारदम÷ कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ जी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सप्रेम भेंट किया गया। इस मैहरगान में जिले की सारी उपलब्धियों को एक साथ समाहित करते हुए रचना की गई है। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, रामनगर एसडीएम डॉ आरती सिंह एवं डीपीओ गणेश पांडे उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने लोकसेवा गारंटी केंद्रों के पेज की राशि कम एवं अनियमितता पर रोक लगाने कलेक्टर को सौपा पत्र

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**



दमोह- भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र गुड्डू पटेल ने बैठक में अपनी किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं संतोष अठ्या, रहस विहारी पटेल,देवेंद्र कुसमरिया, पुरषोत्तम साहू सहित कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर को एक पत्र सोप कर लोकसेवा गारंटी के तहत कृषकों/आमजनता को नकल में जो दस्तावेज दिये जाते है उसका शुल्क 40/-रू. प्रति पेज है जो अत्यधिक है उसे कम किया जाना किसान हितों में आवश्यक है।लोकसेवा गारंटी केन्द्रों पर नकल आवेदन की निर्धारित राशि 20/-रू. है जबकि कृषकों व आमजनता से 5/-रू. अतिरिक्त आवेदन की प्रति के नाम पर लिये जा रहे है।नकल आवेदन के निराकरण की अंतिम तारीख निर्धारित होती है साथ ही उसके पहले कभी भी नकल दी जा सकती है परंतु लोकसेवा गारंटी केन्द्रो पर अंतिम तारीख पर ही नकल दी जा रही है जो न्यायहित में नहीं है इसे नकल तैयार होने पर तुरंत दिया जाना सुनिश्चित हो। आवेदक के आवेदन का परीक्षण लोकसेवा केन्द्रों पर ही होना चाहिए जिससे आवेदन सही जगह पहुंचे व आवेदन निराकरण उसी समय हो जिस समय नकल आवेदन दिया जा रहा है।हरिश्चन्द्र गुड्डू पटेल ने उदाहरण देते हुए बताया की कई बार 25 दिनों की समय अवधि निकलने पर आवेदक को पता लगता है कि नकल आवेदन गलत भरा गया है या संबंधित शाखा में नकल नहीं है आवेदक पुनः आवेदन करें। ऐसी समस्याओं से आवेदक को गुजरना पड़ता है। जिसमें पैसा और समय दोनों बर्बाद हो रहे है।

## एक नजर...

### संपदा-2 से सागर में हुई पहली रजिस्ट्री, प्रिंट नहीं, मेल पर आ जाएंगे दस्तावेज
### फर्जी रजिस्ट्री एवं अन्य समस्याएं होगी खत्म- रिष्ठ जिला पंजीयक सुश्री निधि जैन

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**

सागर- संपदा-2 से सागर में हुई पहली रजिस्ट्री, प्रिंट नहीं, मेल पर आ जाएंगे दस्तावेज एवं फर्जी रजिस्ट्री एवं अन्य समस्याएं भी खत्म होगी। उक्त विचार वरिष्ठ जिला पंजीयक सुश्री निधि जैन ने व्यक्त किये।सुश्री निधि जैन ने बताया कि सागर जिले में संपदा-2 सॉफ्टवेयर से पहली रजिस्ट्री हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते सप्ताह भोपाल से इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद जिले में भी इसकी शुरुआत कर दी गई। पहली रजिस्ट्री पटकुई की नीलम शर्मा की जमीन की हुई है। अब पंजीयन कराने के बाद दस्तावेज का प्रिंट नहीं दिया जाएगा। यह ईमेल व वाट्सएप पर दे दिए जाएंगे। पंजीयक निधि जैन ने बताया कि संपदा-2 से पहली रजिस्ट्री मंगलवार को गई। इसमें गवाहों के कार्यालय आने की बाध्यता समाप्त हो गई है। इसके अलावा भी अन्य नई सुविधाएं शुरू हुई हैं। यह प्रक्रिया को आसान बनाती हैअब तक पंजीयन संपदा-1 से पंजीयन किया जा रहा था। अब संपदा-2 से पंजीयन करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए सभी सर्विस प्रोवाइडरों को प्रशिक्षण दिया गया। यह पूरा काम पेपरलेस हो गया है। पंजीयन के दस्तावेज, ईमेल और व्हाट्सएप पर दिए जा रहे हैं। संपदा-2 से जमीनों का पंजीयन होने से फर्जी रजिस्ट्री पर रोक लगेगी।संपदा-2 में खास बात यह है कि संपत्ति बायोमैट्रिक पहचान लागू हो सकेगी। संपत्ति की जीआईएस मैपिंग होने से सीमा निर्धारण विवाद व अन्य गड़बड़ी नहीं होगी। ई-साइन और डिजिटल हस्ताक्षर से दस्तावेज तैयार हो सकेंगे, जिससे गवाह की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी

### निवाली में व्यापारी की मौत से वाणी समाजजनों में आक्रोश, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**जिला ब्यूरो हरीश सोनी**



जोबट। बड़वानी जिले के निवाली में विगत दो दिन पहले जमीन विवाद के चलते वाणी समाज के व्यापारी के साथ हुई मारपीट और मौत के बाद से पूरे वाणी समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के विरोध में जिले सहित मध्य प्रदेश में वाणी समाज द्वारा ज्ञापन दिए जा रहे है। इसी कड़ी में बुधवार को जोबट में भी उक्त घटना के विरोध में वाणी समाज ने अखिल भारतीय वाणी समाज की ओर से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। घटना के विरोध में बुधवार को वाणी समाजजनों द्वारा नगर में रैली निकाली और तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम अर्थ जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विगत 14 अक्टूबर दोपहर ढाई बजे बड़वानी जिले के निवाली निवासी शैलेंद्र वाणी के साथ जमीन विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा मारपीट की गई थी उसके बाद शैलेन्द्र अपनी जान बचाकर निवाली पुलिस थाने पर रिपोर्ट लिखवाने गया जहां उसकी मौत हो गई। उसके बाद मामले में 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। ज्ञापन के माध्यम से जोबट वाणी समाजजनों ने सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन का वाचन संजय राधेश्याम वाणी ने किया। इस दौरान वाणी समाज अध्यक्ष भूरालाल वाणी, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष बसंतीलाल वाणी, दिलीप धन्नालाल वाणी, शांतिलाल वाणी, राजेंद्र वाणी, अजय वाणी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# सिलवानी जिला बनाओ समीति की वैठक हुई आंदोलन की रणनीति तय

**केसरिया हिन्दुस्तान संवाददाता**
**श्रीराम सेन**


सिलवानी की भोगोलिक संरचना है जिला बनने लायक, जिला बनाने की मांग ने जोर पकड़ासिलवानी में जिला बनने की संभावनायें सिलवानी ने दिया है देश का प्रथम नागरिक रायसेन जिले का एकमात्र राजमार्ग चौराहा सिलवानी मेंवनों से आच्छादित है तहसील, वन सम्पदा से लाखों की राजस्व शासन को मिलती हैजिला मुख्यालय से 135 दूर है तहसील के ग्रामविधानसभा मुख्यालय है सिलवानीक्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व विधायक से नागरिकों को अपेक्षायेंसिलवानी जिला बनाओ समिति ने की जिला बनाने की पहलसिलवानी। सिलवानी को जिला बनाने की मांग नागरिक वर्षो से करते आ रहे है नागरिकें की यह मांग जायज भी है कि सिलवानी को जिला मुख्यालय बनाया जाये इस मांग को लेकर अनेकों दफा शासन प्रशासन एवं उनके नुमाइंदों को आवेदन ज्ञापन सौंपे गये लेकिन ना तो शासन और ना ही जनप्रतिनिधियों ने इस मांग पर विचार करने का साहस किया। अब प्रदेश सरकार द्वारा जिला पुर्नगठन आयोग बनाया गया जिससे नागरिकों ने पुनः सिलवानी को जिला बनाने की मांग जोरदार ढंग से उठाकर सिलवानी के हक को लेने की पहल की है। नागरिकों की इस जायज मांग को सिलवानी जिला बनाओ समिति ने शासन प्रशासन एवं उनके नुमाइंदों के समक्ष दावे एवं सच्चाईयों रूप में पहुंचाने की ठानी है।


आदिवासी अंचलतहसील मुख्यालय सिलवानी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम नारायणपुर, शालाबर्रू, जोहर, निभोरा आदि ग्रामों की दूरी रायसेन जिला मुख्यालय से करीब 135 किमी है। इन ग्रामीणों को शासकीय कार्य से रायसेन जाने आने में लगभग 12 से 15 घंटों का समय लगता है। सिलवानी तहसील आजादी के बाद से विकास को लेकर तरसती रही है। क्षेत्र में कोई भी उद्योग धंधे नहीं है जिससे बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में जिला मुख्यालय तथा महानगरों की ओर पलायन कर रहे है। सिलवानी तहसील मुख्यालय चार तहसील के मध्य स्थित है, सिलवानी वासियों को जिला अधिकारियों से समस्याओं को लेकर मिलने तथा विभिन्न शासकीय कार्यो से 85 किलोमीटर सफर कर जिला मुख्यालय रायसेन जाना पड़ता है।

### सिलवानी में जिला बनने की संभावनायें

-आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मुख्यालय सिलवानी शाासन के लगभग सभी कार्यालय स्थित है। नगर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, तहसील कार्यालय, न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो, उपवन मंडल कार्यालय, लोक निर्माण उपसंभाग कार्यालय, सिविल हॉस्पिटल, एकीकृत आदिवासी परियोजना का जिला कार्यालय, सिंघोरी वन अभ्यारण, नगर पंचायत, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आईटीआई कॉलेज, दस हरिजन आदिवासी बालक बालिका छात्रावास, कृषि प्रक्षेत्र आदि अनेक कार्यालयों के साथ ही बैंकिंग संस्थाएं और विभिन्न मोबाइल कंपनियों के मोबाइल टॉवर भी स्थित है। वही जिला कार्यालयों के लिए आमापानी पठरिया पर लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि भी उपलब्ध है। सिलवानी तहसील आदिवासी बाहुल्य है तहसील की आधी आबादी में आदिवासी समाज शामिल है। हरिजन समाज क्षेत्रीय आबादी में अहम स्थान रखती है। तहसील के ग्राम तिनघरू जो कि पूर्णतः आदिवासी क्षेत्र है वहां पर बसंत पंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष प्राचीन शिव मंदिर पर पांच दिवसीय विशाल मेला लगता है। साथ ही आदिवासी मड़ई मेलों के लिये सिलवानी तहसील प्रसिद्ध है।

**सिलवानी ने दिया है देश का प्रथम नागरिक**-सिलवानी तहसील जिसे कि कालापानी के नाम से जाना जाता था, इसी तहसील के ग्राम जैथारी की तंग गलियों में खेले कूदे एवं ग्राम की शाला प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने वाले डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने देश के प्रथम नागरिक राष्ट्पति पद पर पहुंचकर सिलवानी तहसील को गौरवांवित किया था। वर्तमान क्षेत्र के सांसद शिवराजसिंह चौहान ने राजनैतिक पाली का ज्यादातर समय सिलवानी तहसील में पदयात्रा एवं साईकल यात्रा में जनसम्पर्क में बिताया है आज भी शिवराज सिंह चौहान को सिलवानी तहसील के जैथारी सर्किल के अनेकों ग्रामों के नाम एवं ग्रामीणों को जानते है ग्रामीणों को आज




भी वह नाम से पुकारते है वही क्षेत्रीय नागरिकों को पांव पांव वाले भैया यानि की क्षेत्रीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बहुत उम्मीदें है कि वह सिलवानी तहसील को जिला बनाने की घोषणा कर क्षेत्रवासियों के साथ न्याय करेंगें।

**रायसेन जिले का एकमात्र राजमार्ग चौराहा सिलवानी में**-तहसील मुख्यालय सिलवानी में स्थित राजमार्ग चौराहा एक ऐसा चौराहा है। जहां से इंदौर, जबलपुर, पिपरिया, छिन्दबाड़ा, सागर, भोपाल के लिये यात्री बसों का संचालन होता है। ऐसा राजमार्ग चौराहा रायसेन जिले की अन्य तहसीलों में नहीं है। इस चौराहे की यह भी विशेषता है कि चुनाव से पूर्व आयोजित होने वाली आमसभाओं में जो भी नेता इस चौराहे से सभा को संबोधित करता है वह सांसद और विधायक के पद को सुशोभित करता है।

**वनों से आच्छादित है**- तहसील, वन सम्पदा से लाखों की राजस्व शासन को मिलती है सिलवानी तहसील की हजारों एकड़ वन भूमि पर बेशकीमती सागौन के वृक्ष लगे हुये है। क्षेत्र में महुआ, आचार, हर, बहेरा, आंवला, गोंद, खैर, तेन्दूपत्ता को भरपूर भण्डार है। दुर्लभ जड़ी बूटियों अटूट मात्रा में पैदा होती है सिलवानी तहसील की वन सम्पदा से प्रतिवर्ष शासन को लगभग 50 करोड़ रूपये की राजस्व की प्राप्ति होती है। किन्तु इस सब के बावजूद भी क्षेत्र का विकास न होना लोगों को खल रहा हैं ड़ कि आखिर क्यों सिलवानी तहसील विकास से दूर रहकर मूलभूत सुविधाओं के लिये तरस रही है।

### तहसील मुख्यालय को रेल लाइन के सर्वे में जोडने की घोषणा-

आदिवासी बाहुल्य तहसील मुख्यालय होने तथा समूची तहसील में विकास की अपार संभावनाओं के चलते स्व. सुषमा स्वराज ने सिलवानी के विकास का बीड़ा उठाया था। इसी के चलते तहसील मुख्यालय को रेल लाइन के सर्वे में जोडने की घोषणा की थी।

### जिला मुख्यालय से 140 दूर है तहसील के ग्राम-

सिलवानी तहसील के अनेकों आदिवासी ग्राम मसलन जौहर, निभोरा, मेहका, शालाबर्रू, नारायणपुर आदि ऐसे ग्रामों जिनकी दूरी जिला मुख्यालय से 130 से 140 किलोमीटर दूर है। इन ग्रामों के ग्रामीणों की आजीविका साधन मेहनत मजदूरी है ऐसे में शासकीय कार्यो से जिला मुख्यालय तक आने जाने में न केवल एक से दो दिन का समय खराब होता है, बल्कि आर्थिक क्षति भी उठाना पड़ती है।

**विधानसभा मुख्यालय है सिलवानी**-बीतें वर्षो में परिसीमन आयोग द्वारा कराये गये विधानसभा परिसीमन में सिलवानी तहसील की आबादी अधिक होने के चलते तहसील मुख्यालय सिलवानी को विधानसभा मुख्यालय बनाया गया है। जबकि पूर्व में नेताओं के राजनैतिक समीकरणों के चलते सिलवानी तहसील के दो हिस्से कर बरेली और उदयपुरा विधानसभा में जोड़ा गया था। वही सिलवानी तहसील भी पूर्व में दो लोकसभा होशंगाबाद और विदिशा संसदीय क्षेत्र में आती थी लेकिन वर्तमान में परिसीमन आयोग ने सिलवानी को विधानसभा मुख्यालय बनाकर विदिशा संसदीय क्षेत्र में जोडकर विसंगति को समाप्त कर दिया हैं।तहसीलों की रायसेन और प्रस्तावित जिला मुख्यालय से दूरीस्थान रायसेन से दूरी सिलवानी से दूरीबेगमगंज 78 किमी 55 किमीसुल्तानगंज 115 किमी 30 किमीउदयपुरा 120 किमी 28 किमीदेवरी 140 किमी 48 किमीबरेली 85 किमी 55 किमीबम्होरी 55 किमी 21 किमीखरगौन 100 किमी 35 किमीदावा क्यों है मजबूत सिलवानी -1. सात तहसील होगी शामिल

2 लगभग 1000 गांब होंगे लाभांवित

3 लगभग 6 लाख ग्रामीण और शहरी आबादी होंगी लाभांवित

4 सात तहसील सिलवानी, बरेली, उदयपुरा, देवरी, बेगमगंज, बम्होरी, सुल्तानगंज प्रस्तावित के मध्य स्थित है।

5. सिलवानी तहसील में भाजपा का जनाधार है मजबूत।

6. 4000 वर्ग किलोमीटर एवं दो विधानसभायें होगी सम्मिलित। इसलिये क्षेत्रवासी कर रहे है जिला बनाने की मांग --

1. छह तहसीलों के मध्य स्थित है सिलवानी।

2 प्रस्तावित जिले की जनसंख्या भी है पर्याप्त

3. 90 प्रतिशत गांब जुड़े है सड़क से।

4. नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की रायसेन से दूरी अधिक

5. आदिवासी बाहुल्य एवं पिछड़ा क्षेत्र है सिलवानी

6. जिला बनने से क्षेत्र में तीव्रता से विकास।

7 बेगमगंज बरेली उदयपुरा, देवरी तहसीलों में भी बहेगी विकास की गंगा।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 खबरें बेबाक, बेलौस बेहिचक



# पुलिस और सरकार की किरकिरी, कहा गए शिवराज..

# भाजपा के गले की फांस बना मृतक शिवराज

## हत्या को हादसे बताने की कोशिश कर रही पुलिस..!! भाजपा नेता पर मारपीट हत्या का आरोप

। कहते हैं सब कुछ बिकता है बस खरीददार चाहिए.. ऐसा ही कुछ हाल अनूपपुर पुलिस का प्रतीत हो रहा है गली नुक्कड़ों की चर्चा है की मृत बलराज के न्याय को भूरा सेठ ने करोड़ों की बोली लगा के खरीद लिया है,जिसमें संत्री से मंत्री तक सबके नाम शामिल बताए जा रहें है, हालांकि युवा कांग्रेस के बैनर तले स्थानीय समाजसेवियों ने पुलिस महानिरीक्षक को नामजद शिकायत सौंप कार्यवाही की मांग की है,लेकिन इसके विपरीत अनूपपुर पुलिस की कार्यशैली पर जम कर सवाल खड़े हो रहें है, की पुलिस ने आखिर पीएम रिपोर्ट पर सवाल क्यों खड़ा किया आखिर क्या साबित करना चाहती है पुलिस।

गजेन्द्र परिहार

### ढाई हफ्ते बीते, नहीं मिला न्याय

आमतौर पर पुलिसिया कार्य प्रणाली के विपरीत इस बार इस मामले में अनूपपुर की चचाई पुलिस ने अपनी कार्यशैली और कार्यप्रणाली प्रदर्शित की ,जी हां डॉक्टर सहित पुलिस घटना दिनांक के बाद से यह रट लगती रही की मामला मारपीट का नहीं है सीसीटीवी में फुटेज क्लियर नहीं है, अगर पीएम में मारपीट की जानकारी आई तो दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी, फिर मामला दबाने का प्रयास किया गया और जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हो गई की सर में चोट की वजह से हेमरेज हुआ है तो पुलिस ने पीएम रिपोर्ट पर ही सवाल दाग दिया कि क्या यह चोट गिरने की वजह से लग सकती है जबकि प्रत्यक्षदर्शियों सहित कई आरोप रहे कि अभिषेक गुप्ता और कथित लिप्टिस की किंग टीटू सहित अन्य ने पीट-पीट कर हत्या की है।

शहडोल। बिहार के वैशाली से ट्रक लेकर सोडा फैक्ट्री अनूपपुर पहुंचे ट्रक चालक के साथ स्थानीय रासुकदार रइसजादे मारपीट करते हैं, मारपीट से आई गंभीर चोट से ट्रक चालक कल की गर्त में समा जाता है, घटनास्थल के कैमरे निकलवाए जाते हैं, साक्षी मिटाए जाते हैं, मामला दबाने का प्रयास किया जाता है, डॉक्टर भी उल्टी दस्त ही बताते हैं, प्रत्यक्षदर्शी विरोध करते हैं की मारपीट और हत्या का मामला है, बुढार पुलिस मर्ग कायम करती है, जहां चड़ाई पुलिस के हवाले की जाती है चड़ाई पुलिस कहती है पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी, पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने के कई दिन बाद पुलिस का बयान आता है कि मृतक के शरीर में और सर में गहरी चोट मिले हैं, पीएम रिपोर्ट पर सवाल डॉक्टर से पूछे गए हैं, हालांकि पीएम रिपोर्ट पर क्योरी का यह पहला मामला है आमतौर पर यह काम न्यायालय में होता है, इस बीच कथित मारपीट हत्या के आरोपी अभिषेक गुप्ता विधायक प्रतिनिध के चाचा द्वारा मामले को दबाने के लिए मैनेजमेंट के नाम पर नीचे से ऊपर तक सबको खरीदने और चुप कराने की चर्चा निकलकर सामने आती है जिनमें विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के नाम भी बताए जाते हैं।



### आईजी को युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

शिकायत में बताया गया कि 30 सितम्बर को रात्रि लगभग 11:30 बजे बलराज सिंह पिता शिव सिंह निवासी जिला बैसाली बिहार जो की एक टैंकर ड्रायवर है, सोडा फैक्ट्री में टैंकर लेकर आया हुआ था, उसके साथ स्थानीय नगर परिषद अध्यक्ष बरगवां की गाड़ी में उनके रिस्तेदार रामू उर्फ अभिषेक गुप्ता व उसके साथ 5-6 अन्य लोगों ने मारपीट की ऐसा उनके साथी ड्रायवरों का और स्थानीय लोगों का कहना है, जिसके वीडियों सारे सोसल मीडिया में प्रसारित हुए हैं। और पोर्स्ट्मार्टम में डॉक्टरों के द्वारा गम्भीर चोट की पुष्टि भी की गई है। उसके बाद भी स्थानीय चचाई थाना इस मामले के प्रति उदासीन दिख रहा है, और जॉच में विलम्ब किया जा रहा है, ऐसे में दोषियों को जॉच प्रभावित करने का समय मिल जायेगा। अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जाँच एवं संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर अगर पूछताछ की जाए, तो निश्चित रूप से इस घटना का खुलासा हो जायेगा और दोषी व्यक्तियों को सजा मिल सकेगी, साथ ही पीड़ित परिवार के साथ न्याय होगा, साथ इस तरह की घटनाओं में भी अंकुश लगेगा।


लगातार
तो क्या बिहार के गरीब ट्रक चालक को मध्य प्रदेश की पुलिस नहीं दिला पाएगी न्याय, भाजपा नेता पर हत्या के आरोप
लिप्टिस किंग और राईस मील संचालक को बचाने क्या पुलिस नहीं सुलझा रही बलराज मौत मिस्ट्री
ट्रक चालक बलराज की मौत का आरोप नपा बरगवां अध्यक्ष के भतीजे अभिषेक गुप्ता पर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा वीडियो, मीडिया के सवालों से बच रही चचाई पुलिस
दो दिन बाद पीएम रिपोर्ट अप्राप्त, सिर्फ मर्ग हुआ कायम, तीन रईसजादों का नाम चर्चे में

### इनका कहना है

(इस संबंध में जानकारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतिउर रहमान को उनके दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा।)

### पुलिस अधीक्षक से करूंगा बात- जिलाध्यक्ष कांग्रेस

**वही इस पूरे मामले में जहां भाजपा के अर्स से फर्श तक सड़क से दफ्तर तक के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है मानो उन्होंने अपनी खादी कथित भूरा सेठ के दरवाजे में गिरवी रख दी हो शांति बनाए हुए हैं वहीं मामले में जब हमारी बात अनूपपुर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष पूर्व एसडीएम रमेश सिंह से हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्त अखबारों की कटिंग और अन्य जानकारी प्रेषित करने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि वे संबंध में स्वयं पुलिस अधीक्षक से बात करेंगे, गरीब को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए पूंजी पति को यह अधिकार नहीं कि वह हत्या को हादसा बताएं। साथ ही जिला पंचायत स्तर पर भी प्रतिवेदन बनाकर कार्यवाही हेतु एसपी को प्रेषित करने की बात कही गई।**

## क्या मोहन राज में दम तोड़ देगा न्याय...




शहडोल/अनूपपुर। बिहार के गरीब ट्रक चालक को यदि मध्यप्रदेश में न्याय नहीं मिला तो दोष किसका होगा मध्यप्रदेश पुलिस का, मध्य प्रदेश सरकार का, मध्यप्रदेश के नये लोकप्रिय सीएम का या फिर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मुखिया के सिर दोष मड़ना उचित होगा। कहने को न्याय का अधिकार न्यायिक प्रक्रियाओं में, खासकर आपराधिक मामलों में पहुंचने का मौलिक अधिकार है, यह अधिकार कानूनी प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है साथ हीं यह संवैधानिक अधिकारो की रक्षा भी करता है किन्तु प्रतीत हो रहा है कि अनूपपुर के सोडा फैक्ट्री में 15 दिन पूर्व ट्रक चालक की मौत मामले में न्याय की परिभाषा बदल जाती है, जब 15 दिनों में लगातार पुलिस दोषियों को सुरक्षित करते और हत्या को हादसे में परिवर्तित करती प्रतीत होती है। न्याय का तात्पर्य यह है कि लागो को वह मिले जिसके वे योग्य है, किन्तु प्रतीत होता है मृत गरीब बिहार का ट्रक चालक बलराज मानो पुलिस की नजरों में न्याय के योग्य ही नहीं। क्योंकि मामले में हत्या के आरोप रसूखदार भाजपा नेता के भतीजे, विधायक प्रतिनिधि पर लगे थे, पुलिस जिस पीएम रिपोर्ट के बाद मुकदमें की बात कह रही थी उस रिपोर्ट के प्राप्त होने पर रिपोर्ट पर पुलिस ही सवाल खड़े कर रही है। शहडोल संभाग के लगभग 100 कि.मी. के दायरे में बलराज की कथित हत्या मामले को नोटो के बंडलों में तौल देने की चर्चा है जो स्थानीय पुलिस नहीं अपितु प्रदेश सरकार की साख पर किरकिरी कर रही है संभव है कि मामला प्रदेश के मुखिया के संज्ञान में न आया हो। सौ बात की एक बात जनप्रतिनिधियों की शून्यता, रसूखदारों का दंभ, मर्ग जांच में पुलिस के उल्टे कदम से अब जनता खुल कर यह कहने लगी है कि न्याय मृत बलराज को नहीं मिलेगा यह शिव राज नहीं मोहन राज है...।

## जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




शहडोल। जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी दी है कि बाल भिक्षा रोकथाम हेतु जिले में 11 अक्टूबर 2024 से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा यह अभियान 21 अक्टूबर 2024 तक चलाया जाएगा। बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अंतर्गत विभिन्न विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, एवं चाइल्ड लाइन के समन्वंय से दल का गठन कर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों व उनके परिवारो का सर्वे व चिन्हिंकन किया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय के विभिन्न चौराहों, धार्मिक/ऐतिहासिक स्थलों रेलवे स्टेशन, बस स्टैड़ एवं जिले की औद्योगिक एवं कोल माइन्स एरिया आदि स्थानों पर अभियान चलाकर चिन्हांकित बच्चों का पुनर्वास एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। जिससे बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चें व उनके परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। इस अभियान अंतर्गत जिले में गठित संयुक्त दल मंगलवार को रेलवे स्टेशन, बाजार एवं दुर्गा मंदिर परिसर में दल द्वारा बालकों एवं परिजनों को भिक्षावृत्ति के दुष्प्रभाव संबंधी जानकारी का प्रचार प्रसार एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम की समझाइस प्रदान की गयी।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने हल्के एवं क्षेत्रों में जाएं तहसीलदार - कलेक्टर

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राजस्व विभाग में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि तहसीलदार अपने क्षेत्र व हल्के का भ्रमण करें तथा भ्रमण के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करेंगें। उन्होंने कहा है कि राजस्व के ऐसे प्रकरण जिनमें दोनों पक्ष अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए हैं उन दोनों पक्षकारों से राजस्व अधिकारी स्वयं बात कर दोनों के बीच में समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन हल्के एवं ग्राम पंचायत से ज्यादा प्रकरण हो उन हल्कें व क्षेत्र के पटवारी सतत रूप से कैंप लगाकर रजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे।

### अधिकारियों को दिए निर्देश-




बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में बैठने हेतु दिन तय कर ले एवं तय किए गए दिन को प्राथमिकता के साथ न्यायालय में बैठ कर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने साइबर तहसीलों में तामीली एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा-

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की भी समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कमिश्नर कार्यालय से जितने भी प्रकरण आए हैं उनका निराकरण हेतु तहसीलदार स्वयं संबंधित ग्राम पंचायत में जाएं और प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय को प्रस्तुत करने की कार्यवाही करें।

### ये रहे मौजूद

-बैठक मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर अंजली, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, ब्योहारी नरेंन्द्र सिंह धुर्वे, जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती ज्योति परस्ते श्रीमती अन्तोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



शहडोल। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता शहडोल जिले के बुढार एवं धनपुरी में आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्वालियर एवं भोपाल के मध्य आयोजित किया गया जिसमें मैच टाई रहा, नर्मदापुरम एवं रीवा के मध्य खेला गया जिसमें रीवा की टीम विजय हुई, सागर एवं शहडोल के मध्य खेला गया मैचे में सागर की टीम विजय हुई, शहडोल एवं इंदौर के मध्य खेला यगा मैच में इंदौर की टीम विजय हुई, जबलपुर एवं उज्जैन के मध्य खेला गया मैच में जबलपुर की टीम विजय हुई, नर्मदापुरम एवं जनजाति कार्य के मध्य आयोजित मैच में नर्मदापुरम की टीम विजय हुई। इसी प्रकार भोपाल एवं रीवा टीम के मध्य मैच खेला गया जिसमें भोपाल की टीम विजय हुई।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# विस0 मुख्यालय स्थित गोशाईगंज बाजार को तहसील बनाने की सभासद ने करी सांसद से मांग

## सांसद लाल जी वर्मा को अंबेडकर नगर स्थित उनके आवास पर दिया ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या ।जिले के विस0 गोसाईगंज मुख्यालय स्थित गोसाईगंज बाजार को तहसील बनाए जाने की मांग सभासद आरती जायसवाल ने अंबेडकरनगर सांसद लाल जी वर्मा को अंबेडकर नगर जनपद स्थित उनके आवास मोहिउद्दीनपुर डिहवा दौलतपुर पर पत्र देकर की है।सभासद श्रीमती जायसवाल के पत्र को संज्ञान में लेकर सांसद श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विस0 मुख्यालय को अबिलम्ब तहसील का दर्जा दिए जाने की वकालत की है।दिए गए पत्र में श्री मती जयसवाल ने दर्साया है कि अयोध्या जनपद की प्रमुख व्यावसायिक नगर गोसाईगंज से जिला मुख्यालय की दूरी 40 किमी0 है !नगर के पूर्वी छोर स्थित ग्राम धारूपुर,अमसिन,गद्दोपुर, चिरकिटहा,अंकारीपुर से सदर तहसील की दूरी जहा लगभग 60 किमी0 है वहीं ग्राम महबूबगंज, ईसापुर, सेरवाघाट से सदर तहसील की दूरी लगभग 70 किमी0 पड़ती है।इन सभी ग्रामवासियों को अपनी तहसील स्तरीय कार्य कराने हेतु इतनी दूरी का सफर



करके जनपद मुख्यालय हेतु तहसील जाना पड़ता है।जिससे इनके समय एवम धन दोनो का नुकसान होता है।आगागंज,तारुन, टिकरी,रामपुर भगन जिनका तहसील बीकापुर है जो बहुत दूरी पर है।जनपद में गोसाईगंज को तहसील बना देने से इन सभी को इतनी दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।क्षेत्रीय जनता,जनप्रतिनिधियों तथा नगर क्षेत्र के बुद्ध जीवियों द्वारा बीते 2 दशक से शासन-प्रशासन को पत्र भेजकर तथा समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से गोशाईगंज को तहसील बनाने की बराबर मांग की जाती रही है।लेकिन क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के रुचि न लेने के कारण शासन- प्रशासन द्वारा इस मांग को नजर अंदाज कर दिया जाता है।जनहित में लोगों की दूरियों और परेशानियों को ध्यान मे रख गोशाईगंज को तहसील बनाने से इन ग्राम वासियों को उनके वर्तमान तहसील की दूरी से जहा निजात मिलेगी वही गोसाईगंज तहसील बन जाने से इनकी दूरियां बहुत ही कम होने के साथ ही इनके लिए सुविधाएं भी बढ़ने के साथ लोगों की बहु प्रतीक्षित मांग भी पूरी हो जाएगी। सानसद को मांग पत्र देते समय पूर्व बिधानसभा प्रत्याशी राम सागर वर्मा,गोसाईगंज विस0 सपाध्यक्ष सियाराम निषाद,सपा नेता भानु यादव, युवा समाजसेवी अनंत लाल सोनी,सपा नेता अमित वर्मा,राज मोहन पटेल,सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार% सहित कई लोग मौजूद थे।

## द्वितीय लखदातार श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ सम्पन्न

# बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या पर गूंजे जयकारे,भजनो पर झूमें श्रद्धालू - भजन गायक पंकज निगम व कंचन दिर्वेदी के भजनो ने मोहा श्रोताओं का मन



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर । जनपद के कटेहरी बाजार स्थित रामदेव जनता इंटर कॉलेज के प्रांगण में द्वितीय लखदातार खाटू श्याम महोत्सव का किया गया आयोजन। मंगलवार की रात को बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कानपुर से आए मुकेश जी प्रसिद्ध भजन गायिका कंचन दिर्वेदी व पंकज निगम ने एक से ब?कर एक भजनों पर प्रस्तुति दी।खाटू श्याम का पंडाल जयश्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भजनों की धुन पर जमकर झूमे।श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन किया गया।कटेहरी बाजार में श्री श्याम ध्वजा सोभयात्रा शुरुआत में श्याम बाबा खाटू श्याम के भजनों से चार चांद लगा दिए। अखंड ज्योति प्रज्वलन की रस्म श्री श्याम भक्त मंडल के पदाधिकारियों ने पूरी की।गायिका कंचन दिर्वेदी ने सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है, किस्मत वालों के घर में श्याम आता है भजनो की प्रस्तुति दी। मंच पर एक ओर खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया, वहीं विभिन्न सुगंधित पुष्पों से बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया। बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। दरबार व अखंड ज्योति के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा।खाटू श्याम सेवकों द्वारा बाबा के दरबार में छप्पन भोग लगाया गया।जिसमे भव्य श्रृंगार ,दिव्य दर्शन, रसमृत वर्षा, छप्पन भोग,, फूलों की होली ,आतिशबाजी ,एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कृष्णा मोदनवाल ,अमित अग्रहरि,मनीष जयसवाल ,रामू गुप्ता ,राज अग्रहरि ,अमन विश्वकर्मा,सज्जन प्रजापति, सोनू अग्रहरि आदि श्याम परिवार मौजूद रहे।

# विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जी जंयती



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।वंदना सभा में आज विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रामजी गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि को हिन्दू धर्म में श्रेष्ठ गुरु माना गया है।वाल्मीकि जी पहले डाकू थे लेकिन फिर एक घटना ने उनका जीवन ऐसा बदला कि उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामायण नामक महाकाव्य लिख दिया । धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जब श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था। उसके बाद कई वर्षों तक माता सीता ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में रही थी। जहां उनके दोनों पुत्र लव और कुश ने जन्म लिया था। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संक्षेप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से सीख लेकर हमें सन्मार्ग पर चलना चाहिए एवं हमेशा अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कन्या भारती की अध्यक्षा अर्चिता पांडेय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य ,आचार्या बहनें एवं विद्यार्थि उपस्थित रहे।

# प्रसंग सुनकर मंत्र मुग्ध हुए भक्तगण

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अम्बेडकर नगर। विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान द्वारा ग्राम च्यूंटीपारा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में वृंदावन से पधारी हुई देवी महेश्वरी जी ने वेदव्यास जी एवं श्री शुक देव जी की कथा वृतांत सुनाने के तदोपरांत शिव सती प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि एक दिन भगवान शिव और सती जी कैलाश पर्वत पर विराजमान थे तभी आकाश मार्ग से विमानों को जाते देख सती जी के मन में जिज्ञासा हुई और भोले नाथ ने उनकी जिज्ञासा को पूर्ण करते हुए बताया कि ये विमान आपके पिता दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया उसी में सभी देवता जा रहे है यह सुन सती जी भी जाने की जिद करने लगी शिव जी के मना करने के बाद भी नहीं मानी तब नंदी जी के साथ सती जी कनखल की ओर प्रस्थान करती है वहां शिव जी का भाग न देखकर क्रोधित हो जाती है और स्वयं को क्रोधाग्नि में भस्म कर देती है जिससे कुपित होकर भगवान शंकर ने वीरभद्र को भेजा वीरभद्र ने दक्ष को मारकर यज्ञ विध्वंश का दिया और शिव जी सती जी को गोद में लेकर आकाश मार्ग में भ्रमण करने लगे यह देखकर श्री हरि विष्णु ने अपने सुदर्शन से सती जी के अंगों को काटना शुरू कर दिया इससे शिव जी का मोह भंग हुआ और जहां जहां वो अंग गिरे वहां वहां शक्ति पीठ स्थापित हुए यह प्रसंग सुनकर समस्त श्रोता भक्तगण मंत्र मुग्ध हो गए।

# 16 महीने से फरार अभियुक्त को सड़क पर दौड़ाकर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

सुल्तानपुर ।जानलेवा हमले के मामले में 16 महीने से फरार चल रहा अभियुक्त घटनाक्रम के जरिए गिरफ्तार किया गया है। मामला सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। लगभग डेढ़ साल पूर्व मोहम्मद कैफ पुत्र इंतजार निवासी खरसोमा थाना गोसाईगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना अध्यक्ष शारदेंदु दुबे के निर्देशन में पुलिस के मुताबिक बुधवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर में सड़क पर भागते समय पुलिस ने नाटक किया अंदाज में दौड़ा करके गिरफ्तार कर लिया। कूरेभार थाना प्रभारी शारदेंदु द्विवेदी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# भदरसा नाबालिग गैंगरेप केस में आरोपी मोईद खान और उसके नौकर राजू का कोर्ट में पीड़िता से आमना-सामना करवाया गया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या। जिले के भदरसा नाबालिग गैंगरेप केस में बड़ा अपडेट सामने आया है।जहां बुधवार को दोनों आरोपी मोईद खान और उसके नौकर राजू का कोर्ट में पीड़िता से आमना-सामना करवाया गया. यह सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में हुई. इस दौरान पीडिता ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज करवाया। पूरी सुनवाई के दौरान दोनों आरोपी अपना सिर नीचे झुका कर खड़ा रहा पीड़िता का बयान दर्ज करवाने के बाद मोईद खान और राजू से कोर्ट में सवाल पूछे गए।

### मंगलवार को होना था बयान दर्ज-

पीड़िता का बयान पहले मंगलवार को बयान दर्ज होना था लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह कोर्ट में नहीं आ पाई थी। जिसके बाद कल बुधवार को पीड़िता अपनी मां के साथ कोर्ट पहुंची. पीड़िता के बाद कोर्ट ने उसकी मां के भी बयान दर्ज किए. इस दौरान पीड़िता और उसकी मां को पुलिस सिक्योरिटी में कोर्ट और फिर वापस घर तक पहुंचाया गया।फिलहाल पीड़िता को सुरक्षा मुहैया करवाई गई है. जिसमें एक लेडी पुलिस कर्मी के साथ 4 सिपाही पीड़िता के घर पर तैनात किए गए हैं।

### पिछले गुरुवार को तय हुए थे आरोप-

कोर्ट ने 6 दिन पहले पिछले गुरुवार को हुई सुनवाई में सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू पर आरोप तय किए थे. जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों को 25 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है. अपर महाधिवक्ता विनोद शाही के अनुसार मोईद खान की डीएनए रिपोर्ट में उनका डीएनए मैच नहीं हुआ है। लेकिन उसके नौकर राजू का डीएनए मैच हो गया था।

### पॉक्सो एक्ट में तय हुए आरोप

-विशेष कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत आरोप तय किए हैं। इसके साथ आरोपियों पर बच्ची के साथ गैंगरेप और जान से मार देने की धमकी की धारा भी केस में जोड़ी गई हैं. दोनों आरोपियों की इस हैवानियत के बाद नाबालिग बच्ची गर्भवती हो गई थी. लेकिन पीड़िता की मां के बार बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की थी. क्योंकि पुलिस चौकी मोईद कान के घर पर बनी हुई थी.जिसके बाद पुलिस चौकी को दूसरी जगह शिफ्ट कर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी।

## नहर की पुलिया टूटने के कारण कई लोग हो चुके हैं घायल

# शाम होते ही साक्षात यमराज का रूप धारण कर लेता है यह नहर का पुल



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान संतोष कुमार जलालपुर तहसील**

अम्बेडकर नगर। जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलपुर बाजार में स्थित नहर का पुल टूट जाने के कारण कई लोग हो चुके हैं घायल। कई लोगों को तो बाजार वासियों ने मौत के मुंह से बाहर निकाला है। आए दिन होती है यहां घटना। आखिर क्यों नहीं नजर पड़ रही उच्च अधिकारियों की। क्या बड़ी घटना का इंतजार कर विभाग। कल शाम को एक व्यक्ति डूबते डूबते मौत के मुंह से बाहर निकाला , स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बचाया गया। कहीं ना कहीं यह लापरवाही ग्रामीणों के लिए संकट बना हुआ है जिससे लोग काफी दहशत में हैं। इसी रास्ते से हमेशा स्कूल वाहन व हजारों की तादाद में साइकिल से स्कूल जाते हैं छात्र-छात्राएं। बच्चों के माता-पिता को हमेशा डर सा बना रहता है कहीं कोई अनहोनी या घटना ना हो जाए। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना नहीं है। कई महीनो से टूटी पड़ी है यह नहर की पुलिया। अब देखने की बात यह है कि इस नहर की पुलिया की मरम्मत अधिकारियों द्वारा कब तक कर दिया जाता है। या किसी की जान जाने के बाद ही बनेगी नहर की पुलिया।

# पंचर व अण्डे की दुकान में आग लगने से दुकान जलकर राख

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अम्बेडकर नगर। जनपद के कटेहरी विकास खण्ड अन्तर्गत कुड़ियां चितौना गांव में पंचर व अण्डे की दुकान में आग लगने से दुकान जलकर राख हो गया और उसमें रखा सामान भी नष्ट हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ने बताया कि मैं रोज की भांति अपनी दुकान बंद करके शाम के समय घर चला जाता था। वह अपनी दुकान शाम को बंद करके घर चला गया और जब वह वृहस्पतिवार को अपनी दुकान खोलने सुबह आया तो यह नजारा देख दंग रह गया। बताया जा रहा है कि दुकानदार काफी गरीब था जो किसी तरीके से अपनी रोजी- दुकान के बल पर चलाता था। बताया जाता है कि रात्रि में लगभग 11~30 से 12 के बीच में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके दुकान में आग लगाकर जला डाला। जिसकी कीमत लगभग 10 हजार बतायी जा रही है।

# कार और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर एक की मौत एक घायल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद में बसखारी अकबरपुर मार्ग स्थित पलई पेट्रोल पंप के पास सुबह कार और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। दूसरे बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जिसकी स्थिति गंभीर है। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार चौबे बुधवार की सुबह बाइक से अकबरपुर से घर जा रहे थे। पलई पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि बसखारी की तरफ से आ रही कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक होकर बगल से निकल रहे टांडा कोतवाली के गौरागूजर निवासी सकलदेव वर्मा की बाइक में भी जोरदार टक्कर हो गई। सर से अत्यधिक खून बहने के चलते कृष्ण कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सकल देव वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लिया गया है। शव को मर्चरी हाउस भेज कर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कटेहरी विधानसभा में उपचुनाव की घोषणा होते ही प्रशासन ने दिखाई सक्रियता

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। चुनाव आयोग द्वारा कटेहरी उपचुनाव की विधिवत घोषणा कर दिया जिसके साथ ही जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई और साथ ही साथ नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों से बैनर पोस्टर हटाने का कार्य भी तेज हो गया।आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर नगर पालिक प्रशासन ने भी नगरीय क्षेत्र में लगे बैनर पोस्टर होल्डिंग आदि को हटाने का काम तेज़ कर दिया। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक प्रशासन द्वारा बैनर पोस्टर होल्डिंग हटाने का कार्य शुरू हुआ। बताते चलेंकि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ उत्तर प्रदेश की 09 सीटों पर भी उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। हालांकि यूपी की जिस सीट पर सबकी नजरें थीं, उसी मिल्कीपुर में अभी चुनाव नहीं होंगे। मंगलवार को चुनाव आयोग ने प्रदेश की 09 सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का तो ऐलान कर दिया।जनपद की कटेहरी विधान सभा सीट पर भी 13 नवम्बर को मतदान होगा जबकि 23 नवम्बर को मतगणना होगी।

# दो हजार की आबादी वाला गांव आज दिन तक मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

भिंड -लहार से लेकर भोपाल के मुख्यमंत्री के हाथों में दिया आवेदन फिर भी ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया रास्तारास्ता नहीं होने से बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैंगांव के मुख्य मार्ग में बारिश का पानी भरा घुटनों तक800 मीटर की रोड मुख्य मार्ग तक नहीं जोड़ी गई है जिसको लेकर 2000 से अधिक आबादी के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

लहार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिहोना तहसील ग्राम पंचायत राहवली वेहड के मजरा रावतपुरा सानी का है। जहां देश को आजाद हुए 80 वर्ष हो चुके हैं फिर भी ग्रामीणों को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव में दो हजार से अधिक की आबादी है फिर भी हमारे गांव को आज दिन तक मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया जबकि हमारे गांव में वोटिंग लगभग 800 की है फिर भी हमें शासन की योजनाओं से वंचित रखा जाता है हमारे गांव में मुक्तिधाम भी अधूरा पड़ा है। आंगनबाड़ी तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। वहीं कक्षा 1 से लेकर 8 तक की स्कूल पर बच्चों के लिए जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है बच्चों को दलदल में होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव में यदि किसी की तबीयत खराब हो जाए तो उसको चारपाई पर रखकर में रोड तक ले जाना पड़ता है ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अब तो खेतों में सरसों की फसल की बुवाई हो चुकी है इसलिए हमारे गांव में पगडंडी का जो रास्ता था वह भी धीरे-धीरे बंद हो रहा है मुख्य मार्ग में अभी भी घुटनों तक पानी भरा हुआ है जिसको लेकर हम सभी ग्रामीण परेशान हो रहे हैं हमारी फसल का जो अनाज होता है उसको हम अपने घर तक बड़ी मुश्किल से लेकर आते हैं क्योंकि रास्ते में ट्रैक्टर ही फंस जाता है। हमारे गांव में यदि किसी की शादी विवाह हो तो हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग 800 मी. बताई जा रही है फिर भी संबंधित अधिकारी एवं नेताओं ने आज दिन तक इस गांव को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा है। लहार मिहोना एवं भिंड कलेक्टर एवं कमिश्नर एवं मुख्यमंत्री तक ग्रामीणों ने हाथों में सभी लोगों को दिए आवेदन फिर भी ग्रामीण 2023 से लेकर आज दिन तक संबंधित अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं फिर भी हमें समस्या से जूझ रहे हैं किसी भी संबंधित अधिकारियों ने आज दिन तक 800 मीटर की रोड नहीं बनवाई है।

# गौरक्षकों ने घायल गौ वंश का कराया उपचार पहुंचाया काजी हाउस



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार नगर के समीप चिरौली के पास एक गौ वंश घायल अवस्था में रोड किनारे डला था बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक आकाश शुक्ला को जानकारी लगी तो वह मौके पर पहुंचे और उक्त घायल गौवंश को निजी वहान से नगरपालिका कांजी हाउस लेकर आये लहार पुलिस का भी गौरक्षकों को सहयोग आरक्षक श्याम गुर्जर, विशाल मिश्रा ने डॉ जितेन्द्र को बुलवाकर घायल गौवंश का उपचार करवाया आकाश शुक्ला,गौरक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह,आदि गौरक्षकों ने घायल गौवंश को बचाने में सराहनीय योगदान दिया

# आम जिंदगियों से हो रहा खिलवाड़, धड़ल्ले से बिक रहा है मिलावटी दूध और पनीर; फूड प्वाइजनिंग से लोग हो रहे बीमार



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

त्यौहार आते ही डेयरी पर बनने लगा सिंथेटिक दूध और खोवा , बाजार में बिकने लगी मिलावटी मिठाई अम्बाह। त्यौहार नजदीक आते नगर में डेयरी पर सिंथेटिक दूध और खोवा बनाने की मांग बढ़ने लगी है डेयरी संचालक मुनाफे के चक्कर में जहर खिला रहे द्य त्यौहार नजदीक आते ही नगर में खोवा और पनीर की मांग बढ़ने लगी है नगर से खोवा और पनीर को दूसरे क्षेत्रों में भी सप्लाई किया जा रहा है लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने में है मजबूर दुकानदारों ने मिलावटी मिठाइयां बनाना शुरू कर दिया है। जिसमें मिठाई विक्रेताओं की बल्ले-बल्ले रहती है।? दुकानदार मिठाई के नाम से बेच? रहे मीठा जहर जिसे खाने से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।? अधिकारी को मालूम होते हुए भी कारवाई का नाम नहीं ले रहे हैं। जिसमें दुकानदार बिना डर मिलावट करने में सक्षम हैं

# नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

**अरुण कश्यप**

जांजगीर-चांपा छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण किये जाने का कार्यक्रम जारी किया गया है और मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आज जिले के सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ जिला कार्यालय सभाकक्ष जांजगीर में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में निर्वाचक नामावली में 01 जनवरी 2024 की स्थिति में निर्वाचक नामावली में नाम जुड़ाने, संशोधन एवं विलोपन की प्रकिया से अवगत कराया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने बताया कि नगरीय निकाय के अंतर्गत 16 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, चांपा, अकलतरा, पामगढ़ के कार्यालय एवं समस्त सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार के कार्यालय तथा सभी नगरपालिका, नगर पंचायत के कार्यालयों में आम जनता के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा। त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत 24 अक्टूबर 2024 को कार्यालयीन समय पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, चांपा, अकलतरा, पामगढ़ के कार्यालय एवं समस्त सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार के



कार्यालय एवं सभी जनपद पंचायत के कार्यालय एवं जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में आम जनता के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, संयुक्त कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहें।दावा एवं आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों की पंचायतवार, निकायवार, वार्डवार कुल संख्या एवं विस्तृत जानकारी नगरीय निकाय के अंतर्गत नगरपालिका, नगर पंचायतों के समस्त वार्डो के मतदान केन्द्रों में दावा और आपत्तियां प्राधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। नगरपालिका जांजगीर-नैला के 25 वार्ड, नगरपालिका चांपा के 27 वार्ड, नगरपालिका अकलतरा के 20 वार्ड, नगर पंचायत नवागढ़, शिवरीनारायण, सारागांव, बलौदा, नरियरा, पामगढ़, राहौद, खरौद के 15-15 वार्डों में निर्धारित तिथि तक दावा आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों के प्रत्येक ग्राम पंचायत कार्यालय में दावा और आपत्तियां 29 अक्अूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत 93 ग्राम पंचायत, अकलतरा अंतर्गत 56 ग्राम पंचायत, पामगढ़ अंतर्गत 59 ग्राम पंचायत, बलौदा अंतर्गत 65 ग्राम पंचायत, बम्हनीडीह अंतर्गत 60 ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथि तक दावा आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। नगरीय निकाय के अंतर्गत नगरपालिका/नगर पंचायतों के समस्त वार्डों का दावा आपत्तियां मतदाता सूची के प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है तथा उनका निराकरण की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 है। त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में दावा आपत्तिया मतदाता सूची के प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 से 29 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है तथा उनका निराकरण की अंतिम तिथि 04 नवम्बर 2024 है।

**निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन–** नगरीय निकाय के अंतर्गत नगरीय निकाय के कुल 192 वार्ड में नगरपालिका जांजगीर-नैला के 25 वार्ड, नगरपालिका चांपा के 27 वार्ड, नगरपालिका अकलतरा के 20 वार्ड, नगर पंचायत नवागढ़, शिवरीनारायण, सारागांव, बलौदा, नरियरा, पामगढ़, राहौद, खरौद के 15-15 वार्डों में वार्ड की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को सर्वसाधारण के लिए वार्डवार किया जावेगा। त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत, जिले में कुल 334 ग्राम पंचायतों के निर्वाचन हेतु पांच विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर 2024 को सर्वसाधारण के लिए किया जावेगा।

# रोड़ के किनारे भैस चरा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर



**ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट**

**डायल 108 की मदद से समय से मिला उपचार**

चित्रकूट विकासखण्ड पहाडी अंतर्गत ओरा सकरौली रोड़ में जगन्नाथ पुत्र नत्थू उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी ओरा सड़क के किनारे भैस चरा रहा था। तभी तेज रड्तार एक अज्ञात वाहन ने भैस चरा रहे युवक को जोरदार टक्कर मारी जिससे युवक मौके पर ही बेहोश हो गया।रास्ते से निकल रहे कुछ राहगीरों ने डायल 108 को फोन कर सूचना दिया जहाँ पायलट कुंजबिहारी व ईयमटी अनिल ने समय से घटना स्थल पर पहोच कर एक्सीडेंट से घायल उक्त व्यक्ति को सी.एच.सी पहाड़ी में भर्ती कराया। जहाँ हाथ पैर व कमर में काफी गम्भीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया

# पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने भगवान श्रीराम ने लिया अवतार

## जनता श्रीकृष्ण कला पथक मंडल के तत्वावधान में रामलीला मंचन का देखने उमड़ी भीड़

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

भितरवार - जनता श्रीकृष्ण कला पथक मंडल के तत्वावधान में चल रही 95 वी श्रीरामलीला में रावण और भगवान श्री राम के जन्म की लीला का मंचन किया गया। लंका में रावण के जन्म और तपस्या की लीला का मंचन में बताया गया। कि ब्रह्मा जी से वरदान पाने के बाद रावण ने अत्याचारों की सारी सीमाएं लांघ दीं। तब पृथ्वी दुखी होकर ब्रह्मा जी के पास पहुंचीं। इसके बाद ब्रह्मा जी ने देवराज इंद्र और भगवान शिव के साथ मिलकर श्री हरि की स्तुति कर उनका आह्वान किया तो भगवान



विष्णु प्रकट हो गए। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पृथ्वी पर अयोध्या के राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से मनुष्य रूप में अवतरित होकर रावण का सर्वनाश करेंगे। रामलीला में इक्ष्वाकु वंश के मनु और सतरूपा प्रभु विष्णु की तपस्या करते हैं। तपस्या से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। और वर मांगने को कहते हैं। वे प्रभु को पुत्र के रूप में मांगते हैं। इस पर प्रभु विष्णु ने अगले जन्म में पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। वरदान के अनुसार अगले जन्म में प्रभु विष्णु,राजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेते हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम का जन्म होता है। और अयोध्यावासी मंगल गीत गाते हैं। वहीं इसी दौरान जनकपुरी में अकाल पड़ा हुआ था। तब ऋषि विश्वामित्र के कहने पर राजा जनक खेत में हल चलाते हैं। इसी हल से सीता माता प्रकट हुई।और जनकपुरी का अकाल समाप्त हो गया। इससे पहले श्रीरामलीला में भगवान श्रीविष्णु जी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर रामलीला समिति अध्यक्ष जानकीवल्लभ पाठक, महेश चंद्र अग्रवाल,चंदन सिंह यादव,बीरबल सिंह पवैया,सुनील यादव, सोनू यादव, धर्मेंद्र यादव, लखन सोनी, सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर...

# एक ही ध्येय एक ही लक्ष्य!विकास और जनकल्याण!

## भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर ने ग्राम पलायछा में 65 लाख रुपए की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन किया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

विधानसभा भितरवार ग्राम गड़ाजर में 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र का भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर जी ने निर्माण का विधिवत भूमि पूजन कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओ से अवगत कराया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग के अधिकारीओ से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया एवं ग्रामीणों से *श्री राठौर * ने कहा कि भाजपा सरकार में आधिकारियों किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर परशुराम पवैया( जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष )रामवतार पवैया भीकम सिंह जाट सुरेश कुशवाह सरपंच, माधो कुशवाह , बंटी गुर्जर , कुमेर कुशवाह , मनोज कुशवाह , हरगोविंद कुशवाह ओमप्रकाश शास्त्री , हमीर सिंह कुशवाह एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नये उपमहाप्रबंधक रितेश श्रीवास्तव जी ने संभाला कार्यभार एवं विधुत कर्मियों ने फूल मालाओं से किया स्वागत सम्मान



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। अम्बाह के नए उपमहाप्रबंधक श्री रितेश श्रीवास्तव जी के पदभार ग्रहण करने पर म,प्र, संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक शाखा अध्यक्ष शैलेष गुप्ता कुचया जीके निर्देशानुसार अम्बाह उपाध्यक्ष पवन शुक्ला के द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया एवं संघ के मुकेश गुप्ता,नारायण पाराशर द्वारा उनसे आग्रह किया गया कि कर्मचारियो की लंबित समस्याओं,सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने निवेदन किया गया जिसपर उपमहाप्रबंधक जी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियो की समस्या जल्द हल की जायेगी,एवम सुरक्षा उपकरण जल्द दिए जाएंगे।

स्वागत समारोह में संघ के श्याम सुंदर शर्मा,नवल सिंह, आदि विधुत कर्मी शामिल थे।

# हाथों को साफ रखें,बीमारियों से बचें - रासेयो




**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। दैनिक कार्यों में हाथों का महत्वपूर्ण योगदान है।ये शरीर को साफ रखते हैं,खाने पीने में मदद करते हैं और मल त्याग के पश्चात सफाई में सहायता करते हैं। शौच के बाद अगर हाथों को अच्छी तरह से न धोया जाए तो मल के रोगाणुओं से अतिसार जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। उक्त बातें विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर महात्मा लोचनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बाह के रासेयो स्वयं सेवकों ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय गांधी नगर के छात्र छात्राओं को समझाई। कार्यक्रम में पोस्टरों के माध्यम से बताया गया कि हाथों को कब-कब और कैसे धोना चाहिए तथा हाथ धोने से कौन -कौन सी बीमारियों को रोका जा सकता है।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा ने स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी तथा सबाल जबाब के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया । इसके बाद सभी बच्चों ने नियमित रूप से अपने हाथों को साफ रखने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम अख्तयार गुर्जर, शिक्षिका गायत्री सेंगर, अंजली सिकरवार और छोटी बाई मौजूद रहीं।

# स्टूडेंट फोर सेवा सप्ताह के निमित्त अम्बाह इकाई द्वारा पीजी कॉलेज अम्बाह में ब्लड डोनर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह । स्टूडेंट फोर सेवा सप्ताह के निमित्त ब्लड डोनर अम्बाह में रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया विभिन्न कोचिंग संस्थानों पर सीपीआर ट्रेनिंग देकर आपातकालीन स्थिति में कैसे जान बचाए जिसकी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई जिसमें ज्यादातर छात्र-छात्राओं ने सहभागिता ली एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉक्टर का सम्मान भी किया गया डॉ आकाश शर्मा द्वारा ट्रेनिंग एवं ब्लड जांच कर सेवा दी गईइस उपलक्ष में प्रांत कार्यकारणी सदस्य सोम शर्मा, नगर अध्यक्ष आरएस राठौर, नगर मंत्री श्यामू शर्मा , सह मंत्री गौरव शर्मा, नगर एसएफएस प्रमुख कपिल तोमर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्र वैसोली, पलक खाद भण्डार अछल्दा एवं राहुल खाद भण्डार अछल्दा का निरीक्षण किया



( ब्यूरो रिपोर्ट)

औरैया 16 अक्टूबर ।जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया है कि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह द्वारा पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्र वैसोली, पलक खाद भण्डार अछल्दा एवं राहुल खाद भण्डार अछल्दा का निरीक्षण किया गया। पी0सी0ए?फ0 वैसौली पर 5.5 मी0टन0 डी0ए0पी0 का ओपनिंग स्टॉक था जिसका वितरण कृषकों में निरीक्षण के समय तक किया जा चुका था। 15 मी0टन0 डी0ए0पी0 एवं 15 मी0टन एन0पी0के0 आज ही प्राप्त हुआ है। जिसको एक्नालिज कराकर अपर जिलाधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति में वितरण शुरू कराया गया। कृषकों को बताया गया कि यदि दो बोरी उर्वरक लेना है तो कृषक एक बोरी डी0ए0पी0 और एक बोरी एन0 पी0के0 प्राप्त कर लें जिससे सभी किसानों को उपलब्ध हो सके। पलक खाद भण्डार अछल्दा पर 0.65 मी0टन0 एम0ओ0पी0 का पॉस में स्टॉक पाया गया जो कि मौके पर भी उपलब्ध था। थोक उर्वरक विक्रेता राहुल खाद भण्डार अछल्दा पर 33.5 मी0टन0 डी0ए0पी0 ओपनिंग वैलेन्स पाया गया जिसमें आज 11 मी0टन0 डी0ए0पी0 (220 बोरी) खुशी खाद भण्डार अयाना को बिक्री की गई जो स्टॉक तथा बिक्री रजिस्टर पर भी अंकित पाया गया साथ ही आई0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर 22.5 मी0टन डी0ए0पी0 (450 बोरी) अवशेष स्टाक प्रदर्शित हुआ जो मौके पर भी पाया गया। आज जनपद में 3809 मै0टन0 डी0ए0पी0, 13730 मै0टन यूरिया, 841 मै0टन एस0एस0पी0, 402 मै0 टन0 ए0ओ0पी0, और 2094 मै0 टन0 एन0पी0 के0 उपलब्ध है। जिसका वितरण निजी एवं सहकारी उर्वरक वितरण केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रकार जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। कृषक भाइयों से अपील है, कि फसलों में उर्वरक का प्रयोग सन्तुलित मात्रा में करें और अभी अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक क्रय करें। उर्वरकों का अनावश्यक भण्डारण न करें, क्योकि फॉस्फोरिक उर्वरकों की आपूर्ति जनपद में समय-समय पर होती रहेगी जिससे रबी फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की समस्या नहीं आयेगी। 15अक्टूबर को 800 मी0टन0 डी0ए0पी0 एवं 550 मी0टन0 एन0पी0के0 इटावा रैंक प्वाइन्ट से प्राप्त हुआ है। जिसको सभी समितियों पर प्रेषित किया जा रहा है निजी क्षेत्र हेतु लगभग 200 मी0 टन0 डी0ए0पी0आई0पी0एल0 कम्पनी की कानपुर रैक पाइन्ट से दो से तीन दिवस के अन्दर जनपद को और प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार जनपद में आवश्यकतानुसार फॉस्फोटिक उर्वरक उपलब्ध होता रहेगा। किसान भाई अपनी भूमि में एन0पी0के0 का भी प्रयोग करें एन0पी0के0 में भी आवश्यक पोषक तत्व जैसे-नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, पाये जाते है।

## *हसदेव नदी पीथमपुर घाट पर रेत खनन *



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता तरुण कुमार चौबे**

जिला जांजगीरजिला जांजगीर चांपा के जीवन दायिनी हसदेव नदी पर जल स्तर घटते ही आसपास के ट्रैक्टर वालों का लगातार रेत खनन चालू हो जाता है जिससे रेत का अत्यधिक खनन से भारी गड्ढे हो जाते है जो दुर्घटनाओ को आमंत्रित करता है ग्राम पीथमपुर वह स्थान है जहां पर प्राचीन काल से भगवान कलेश्वरनाथ महादेव का मंदिर है। जहां पर लोगों का हमेशा आना जाना लगा रहता है और पारंपरिक मेला भी लगता है जहां दूर दराज से साधु संत भक्त लोग आते है । ऐसे स्थान पर रेत का अनुचित दोहन समझ से परे है।

## स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का किया गया निरीक्षण



**शम्स तबरेज खान अवधनामा संवाददाता**

महराजगंज/ आज दिनांक 16 अक्टूबर को छाया ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता दिवस सत्र एकटेवा ग्राम बाँसपार का अपराह्न 12,15 बजे स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री भगवत सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां पर ए एनएम प्रियंका पटेल व रीना सत्र का संचालन कर रही थीं । आशा चंद्रकला उपस्थित थीआंगनवाड़ी पुष्पगिरी व पूनम उपस्थित थीं। ए एनएम आंगनवाड़ी एवं आशा के ड्यू लिस्ट का मिलान कराया गया। ए एनएम आंगनवाड़ी व आशा की ड्यू लिस्ट अधुनांत थीं।

**आज ड्यू लिस्ट में 17बच्चे तथा 7गर्भवती दर्ज थीं** -प्राप्त सूत्रों के हवाले से यह पता चला कि स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री भगवत सिंह द्वारा यह निर्देशित किया गया कि ड्यू लिस्ट में जितने नाम दर्ज हैं सभी लाभार्थियों को बुलाकर आज शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए

# विधायक ने मुसुरपुट्टा के प्रतिभावान बच्चों को हरी झंडी दिखाकर हवाई सफर के लिए रवाना किया।

### मुसुरपुट्टा के प्रतिभावान बच्चे करेंगे हवाई यात्रा

**केसरिया हिन्दुस्तान कांकेर दुधावा जिला ब्यूरो दीनदयाल साहू**

नरहरपुर ब्लॉक के मुसुरपुट्टा में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ट के द्वारा 10 वीं व 12 वीं के टॉपर छात्रों को इस वर्ष भी हवाई यात्रा करवाया जाएगा। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुसुरपुट्टा के लोगों ने मंगलवार को संध्या 7 बजे दसवीं,बारहवीं में प्रथम आए छात्र/ छात्राओं उनके पालकों और यात्रा में जाने वाले ग्रामीणों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए राम- जानकी मंदिर में पूजा- अर्चना के पश्चात तिलक लगाकर व हार पहनाकर विदा किया। बुधवार की सुबह 8 बजे काँकेर विधानसभा के विधायक श्री आशाराम नेताम जी ने भी यात्रा में जाने वाली टीम को तिलक लगाकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्राम मुसुरपुट्टा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यात्रा से यहाँ के बच्चों को देश- विदेश भ्रमण करने का बहुत अच्छा अवसर मिल रहा है ,उन्होंने किताबी ज्ञान से हटकर वास्विक ज्ञान प्रदान करने के लिए मुसुरपुट्टा के समस्त ग्रामवासियों का प्रशंसा किया।इस हवाई सफर में विद्यार्थियों को देश व विदेश के ऐतिहातिक और पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाया जाता है,जिससे इस गाँव के प्रतिभावान छात्र- छात्राएँ वहाँ की संस्कृति,रहन - सहन, से परिचित हो सकें और उनमें शिक्षा के साथ आत्मविश्वास का भाव भी जागृत हो जिन चीजों के बारे में वे



पुस्तकों में प?ते हैं उन्हें अपने जीवन में अनुभव कर सकें। यह हवाई यात्रा विगत कई वर्षों से निरंतर जारी है,इस वर्ष ये प्रतिभावान बच्चे हमारे देश के अयोध्या,वाराणसी शहर के साथ ही नेपाल देश का भ्रमण करेंगे। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने की परंपरा 2008 से गाँव के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शुरू की गयी।प्रारम्भ में पांचवीं,आठवीं,दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्रों का सम्मान किया जाता था।वर्ष 2013 से बच्चों में प्रतिस्पर्धा एवं उत्साह की भावना जागृत करने के लिए हवाई सफर कराया जाने लगा। जो अब एक परम्परा का रूप ले चुकी है। अभी तक छात्रों को दिल्ली, मुम्बई,नेपाल,भूटान,सिक्किम, वैष्णोदेवी म ं दि र , ज म्म ू - काश्मीर,श्रीनगर,अमृतसर,हैदराबाद, मदुरई,बेंगलुरु,अहमदाबाद,उज्जैन,हरिद्धार,बेंग लुरु,वाघा बॉर्डर, कन्याकुमारी,तिरुपति,शिर्डी,सिंगनापुर, , गुजरात आदि पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा चुका है। इस हवाई यात्रा का आनन्द विद्यार्थियों के साथ पालक भी उठाते हैं,ग्रामवासियों को भी इस हवाई यात्रा में सफर करने का अवसर मिलता है।इस वर्ष की हवाई यात्रा रिटायर्ड सैनिक दिनेश सारवां और प्रधान पाठक धनराज भास्कर की अगुआई में कराई जा रही है।इस यात्रा में दसवीं व बारहवीं के टॉपर बच्चे, काव्यांश कलिहारी ,कु. सीमा साहू के साथ उनके माता-पिता विजय कलिहारी, त्रिवेणी कलिहारी,धनराज साहू , राजेश सुरोजिया,जीवन चक्रधारी, नारदराम साहू, खिलेश्वरी साहू धन्नू राम भारती,रेणुका भारती,द्रौपती सातवां, शिवप्रसाद साहू,संगीता साहू ,चमन सातवां,साधना सारवां, बंटी कुमार साहू,मालती नाग कुल 18 लोग जा रहे हैं।विदाई समारोह में देवकरण भास्कर, राजेश कलिहारी, गुलेश साहू,अरविंद भारती,लकेश नाग,रोम साहू,टीकम चन्द्रवँशी, ,, राधे लाल कलिहारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पीलीभीत की दशा और दुर्दशा बदहाल नगर पालिकाध्यक्ष बेख़बर

**राम लीला रोड बना गंदगी का अंबार**

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो चीफ पीलीभीत

पीलीभीत नगर पालिका मे जगह जगह पर लगे है। गंदगी के ढ़ेर के अंबार वही नगर पालिकाध्यक्ष आस्था अग्रवाल की लापरवाही के चलते शहर वासियो का जीना मुहाल हो गया है। शहर वासियो को आस्था अग्रवाल से आस्था थी। चैयरमैन बनने के बाद लोगो को गंदगी व जल भराव से निजात मिलेगी लेकिन आस्था अग्रवाल ने तो शहर वासियो की आस्था से ही खिलवाड कर दिया वही शहर की जनता गंदगी व जल भराव से जूझ रही है। लेकिन आधिशाशी अधिकारी से लेकर नगर पालिकाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारियो से बचते हुए नज़र आये वही ऐसी मे बैठाकर शहर वासियो की दिक्कतो को नज़र अंदाज करते हुये दिखायी दिये जिसके चलते शहर वासियो को मुश्किलो का सामना करना पड रहा है। नगर पालिकाध्यक्ष सत्ता की हनक के चलते नगर पालिका मे बीमारियो को वढावा दे रही है। अपने-आप तो ऐसी मे बैठकर अपनी चेयरमैनी चला रही है। शहर मे निकल कर नही देखती है। शहर वासी किन किन दिक्कतो से गुजर रहे है। वही शहर के हालात आस्था अग्रवाल के समय मे बत से बत्तर दिखायी दे रहे है। शहर वासी गंदे पानी सहित



गंदगी से जूझ रहे है। नगर पालिकाध्यक्ष की हीला हवाली के चलते शहर वासी अपने आप को ठगे हुए महसूस कर रहे है। जिस सिद्दत से आस्था अग्रवाल को लोगो ने वोट दिया जिससे पीलीभीत शहर का विकास हो सके लेकिन आस्था अग्रवाल उतनी खरी नही उतरी लोगो की नजरो मे चुनाव के दौरान लोगो ने बाहरी प्रत्याशी का खूब नारा दिया था। उसके बावजूद भी भाजपा पार्टी ने भरोसा करके टिकट दिया उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओ ने दिन रात एक करके नगर पालिका का कुर्सी पर बैठा दिया शायद शहर का भला हो सके लेकिन आस्था अग्रवाल ने बड़े बड़े सफ़ेदपोश नेताओ का सहरा लिया लोगो का लगा की आस्था अग्रवाल पीलीभीत शहर के लिए कुछ बडा करेंगी जिससे पीलीभीत को अलग एक पहचान मिल सके लेकिन आस्था अग्रवाल ने जीतने के बाद शहर वासियो की तरफ मुड़कर नही देखा की किस हालात मे शहर की जनता जी रही है। आस्था अग्रवाल के द्वारा करोड़ो रूपए के नालो का निर्माण कराया गया था। जिससे शहर वासियो को लगा की गन्दे पानी से निजात मिल सकेगी इतने घटिया साम्रगी ने नाला निर्माण करा दिया था। की वाढ के पानी मे नाला रिल गया था। उसी समय से नगर पालिकाध्यक्ष घटिया निर्माण को लेकर काफी सुर्खियो मे आयी थी। तब से अब तक मधुबन बाग स्टेशन रोड पर गंदे पानी का जल भराव बना रहता है। जिसके चलते दुनकदारो के व्यापार चौपट हो गये है। लेकिन नगर पालिकाध्यक्ष ने नाला बनबाने की जहमत नही उठाई है। जिसके चलते पूरा पीलीभीत शहर गंदे पानी से निकले को मजबूर दिखायी दिया है।

# अरुण कश्यप - नगर सैनिक भर्ती हेतु नि :शुल्क कोचिंग का आयोजन

कोण्डागांव, नगर सैनिक भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल महिलाओं को आगामी माह में लिखित परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह कोचिंग 15 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक हर दिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेन्ट्रल लाईब्रेरी कोण्डागांव में होगी। यह कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नगर सैनिक भर्ती में भाग लेना चाहती हैं और लिखित परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। इस निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने के लिए महिला अभ्यर्थी 30 अक्टूबर 2024 तक लाईब्रेरी में उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए इस नम्बर पर संपर्क +91-9584020279 करें।

### जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले की ग्राम पंचायत मासुलपनी का चयन

# 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार से 22 अक्टूबर को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदि मुर्मू

**केसरिया हिन्दुस्तान कांकेर दुधावा जिला ब्यूरो दीनदयाल साहू**

उत्तर बस्तर कांकेर / 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 के लिए श्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मासुलपानी को भारत की राष्ट्रपति सुश्री द्रौपती मुर्मू द्वारा सम्मानित किया जायेगा।इस संबंध में जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल ने सोमवार 14 अक्टूबर को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की। इसमें जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) ने 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए 09 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे।

**पुरस्कार वितरण समारोह 22 अक्टूबर को** -सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि आगामी 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे प्लेनरी



हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत की राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगी। बताया गया कि उक्त पुरस्कार लोगों में पानी के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और उन्हें पानी के सर्वोत्तम उपयोग के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए है। यह आयोजन सभी लोगों और संगठनों को जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन गतिविधियों में एक मजबूत साझेदारी और लोगों की भागीदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

### ग्राम पंचायत मासुलपानी होगी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

-नरहरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मासुलपानी जिला मुख्यालय से महज 5 किमी की दूरी पर स्थित है। मासुलपानी में 5 राजस्व गांव शामिल हैं और ग्राम पंचायत का कुल क्षेत्रफल 1429 हेक्टेयर है। ग्राम पंचायत का अक्षांश और देशांतर 20ए25%50.59÷ उत्तर और 81ए38%20.85÷ पूर्व है। मासुलपानी पंचायत में 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है।

### जल निकायों का पुनरूद्धार

-मासुलपानी पंचायत ने ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं जो सुरक्षात्मक सिंचाई प्रदान करके किसानों का समर्थन कर रहे हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 खोदे गए कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इन कार्यान्वयनों के कारण, लोगों ने केवल भूजल पर निर्भर रहने के बजाय, सुरक्षात्मक सिंचाई के माध्यम से सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जल संरक्षण और इसके समुचित उपयोग की दिशा में इस नवाचार के लिए जिले की मासुलपानी ग्राम पंचायत देश की राष्ट्रपति के हाथों आगामी 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित एवं पुरस्कृत होगी।

## एक नजर...

### बहराइच में हुई घटना में मृतक रामगोपाल मिश्रा को केन आरती कार्यक्रम में दी गई श्रद्धांजलि



**रिपोर्ट राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ**

बांदा।बांदा जनपद में केन जल आरती कार्यक्रम का भव्य कार्यक्रम मंगलवार को सुचारू रूप से विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र (कानपुर प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न किया गया। इस दौरान बहराइच में हुई एक व्यक्ति की दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान निर्मम हत्या का घोर विरोध भी किया गया। समिति के जिलाध्यक्ष एवं गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बहराइच में जो निर्मम हत्या का मामला प्रकाशित हो रहा है वह अत्यंत ही दुखदाई है और इसमें निरपराध व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई जिसमे रामगोपाल मिश्रा की हत्या की खबर की जानकारी ने हम सभी को स्तब्ध करके रख दिया। बताया गया कि इस घटना की हम सभी कड़ी निन्दा करते हैं और मृतक रामगोपाल मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वहीं उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक संप्रदाय बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ सरकार को कठोर से कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जिससे पुनः ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो। केन जल आरती कार्यक्रम में सभी ने दिवंगत रामगोपाल मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में गंगा वाहिनी जिला प्रमुख अनीता शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार, आरती प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति, सुनील, रामकली, खाटू श्याम सेवा मंडल संतोष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कोडविद्या अकादमी ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र आईटी जागरूकता कैंप लगाया



**संवाददाता नीरज सोनी तावडू**

नूंह - जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह की सचिव नेहा गुप्ता के द्वारा कोडविद्या अकादमी ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के साथ नूंह के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नूंह में कैंप लगाया गया। जिसका नाम ÷उचित मार्गदर्शन, उज्जवल भविष्य÷ रखा गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी देना और सही निर्णय लेने में उनकी मदद करना है। हरियाणा शिक्षा विभाग और भारत स्काउट्स और गाइड्स के सहयोग से कोडविद्या अकादमी ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ने इस पहल की शुरुआत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा गुप्ता रहीं, जिन्होंने छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिसमें स्कूल के बच्चो को कानूनी जानकारी व करियर काउंसलिंग ओर आईटी के बारे में बताया गया। कोडविद्या अकादमी ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने बताया कि

काउंसलिंग सामान्यतया, काउंसलिंग ÷टॉकिंग थेरेपी÷ के दायरे में आता है जो लोगों को एक निजी और गोपनीय वातावरण में अपनी भावनाओं और चिंताओं के बारे में बोलने की अनुमति देता है और प्रोत्साहित करता है।कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या है- इस योजना का मुख्य उद्देश्य कैरियर मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन करना है, ताकि नौकरी के इच्छुक युवाओ को भविष्य में उनके लिए आजीविका निर्धारित करने के लिए कैरियर पथ/शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने में उचित सहायता प्रदान की जा सके। जिला विधिक शिवाय प्राधिकरण की सचिव नेहा **गुप्ता ने बच्चों का बताया कि**-करियर काउंसलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जो आपको करियर, शिक्षा और जीवन के फैसले लेने के लिए खुद को और काम की दुनिया को जानने और समझने में मदद करेगी। करियर विकास सिर्फ़ एक विषय चुनने और स्नातक होने के बाद आप कौन सी नौकरी करना चाहते हैं, यह तय करने से कहीं ज़्यादा है। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक व कोडविद्या अकादमी ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी अध्यक्ष अनुपम गुप्ता निदेशक चिराग बंसल उप निदेशक प्रियंक बंसल जीतेन्द्र मिश्रा पायल शक्ति वाहिनी एमडीडी ऑफ इंडिया से कपिल सोनू मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय उचित संघ ने किया संगठन का विस्तार

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ एस एस रिज़वी**

गया जिला के अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र छकरबंधा थाना अंतर्गत जिला का उभरता हुआ प्रतिष्ठित संस्थान सामाजिक न्याय उचित संघ ने बीते बुधवार को चौरीटाड़ में बैठक कर सर्वसम्मति से संगठन के विस्तार हेतु सदस्यों का चयन कर उन्हें पदभार दिया।हालाकि इस संगठन के संरक्षक सह जन्मतादा बाबा यादव स्वयं इस बैठक का संचालन कर रहे थे। बैठक में सभी कार्यकताओं



ने बारी बारी अपनी बात को रखा।इसके साथ ही बाबा यादव ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य, लक्ष्य तथा इसकी नीतिगत मूल सिद्धांतों का वर्णन कर सदस्यों को दिशा निर्देश दिया। सामाजिक न्याय उचित संघ के संरक्षक ने सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर कार्यभार दिया जिसमें अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, मुख्य सचिव एस. एस. रिज़वी,सचिव ललन यादव, सलाहकार उपेंद्र जी,कोषाध्यक्ष कपिल कुमार,संगठन मंत्री संजय यादव,सूचना मंत्री मुल्ला अंसारी तथा व्यवस्था मंत्री उदय कुमार को बनाया गया। इस बैठक में सैकड़ों जनता मौजुद थी। विदित हो कि अब तक सामाजिक न्याय उचित संघ ने जंगल बचाव अभियान के तहत 15 एकड़ में पौधों का रोपण करवाया है।इसके साथ ही समाज में पाखंडवाद,अश्लीलता,हिंसा ,प्रचलित कुरीतियों के उन्मूलन के लिए हरसंभव प्रयास कर लोगो को जागरूक करता आ रहा है।हालाकि सर्वप्रथम उद्देश्य जंगल का बचाव तथा वन कटाई से रोकना है।इसके साथ ही समाज में लोगों को उचित न्याय दिलवाना सामाजिक न्याय उचित संघ का परम लक्ष्य है।

# प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री की हत्या करने वाले कुख्यात आरोपी कुलदीप साहू व उसके साथियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आपराधिक कृत्य पर किए गए कार्यवाहियों से पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति गुस्सा व बदला लेने तथा प्रधान आरक्षक के सक्रियता से था नाराज।**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/उदित ठाकुर**

सूरजपुर। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 13/10/2024 को रात्रिकाल में आरोपी कुलदीप साहू अपने साथियों आर्यन विष्वकर्मा उर्फ गोल्डी, चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सी.के. एवं रिंकू सिंह के साथ पुराने बस स्टैण्ड सूरजपुर पर बैठा हुआ था। लगभग रात्रि 9 बजे थाना सूरजपुर के आरक्षक क्रमांक 734 धनष्याम सोनवानी पुराने बस स्टैण्ड की ओर गया जहां उसके द्वारा कुलदीप साहू को देखे जाने पर उसके जिला बदर रहने से आरक्षक द्वारा कुलदीप साहू को पकडने का प्रयास किया गया जिस पर कुलदीप साहू के द्वारा आरक्षक के ऊपर कडाही का खौलता तेल फेक कर गंभीर रूप से आहत किया। थाना सूरजपुर में आरोपी के धर पकड के लिये तत्काल थाना में उपलब्ध बल को एकत्रित किया गया जिसमें प्रधान आरक्षक 286 तालिब शेख, प्र.आर. 165 उदय सिंह व अन्य पुलिस कर्मी पुराना बस स्टैण्ड एवं थाना सूरजपुर के आसपास आरोपियों की पतासाजी कर रहे थे। इसी बीच आरोपी कुलदीप साहू द्वारा अपने साथियों आर्यन विष्वकर्मा उर्फ गोल्डी, चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सीके, रिंकू सिंह के साथ रात्रि करीब 10 बजे पुलिसकर्मियों को स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 29 एडी 5666 में कुचलकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस पार्टी द्वारा उक्त वाहन का पीछा करने का प्रयास किया गया परन्तु दुर्गा विसर्जन के कारण मार्ग पर भीड होने के कारण आरोपी अपने साथियों सहित पुलिस को चकमा देकर भाग निकलने में सफल रहा। घटना की सूचना एसएसपी सूरजपुर को प्राप्त होने पर उनके द्वारा आसपास थानों तथा रक्षित क्रेन्द्र से अतिरिक्त बल एकत्रित कर सायबर सेल की तकनीकी मदद तथा आरोपियों के संभावित स्थानों पर दबिष की तैयारी की जा रही थी।

इसी मध्य प्रधान आरक्षक 286 तालिब शेख महगवां चौक स्थित अपने निवास पर गया जहां उसके घर की सीड़ियों पर खून बिखरा हुआ था, जिससे उसे अनहोनी की आशंका हुई। घर के अंदर जाने पर प्रधान आरक्षक की पत्नी एवं नाबालिक पुत्री घर पर नहीं थे, घर में सामान बिखरा पड़ा था और अत्यधिक मात्रा में जगह-जगह खून के छीटे पड़े हुए थे। जिस पर प्रधान आरक्षक द्वारा तत्काल इसकी सूचना थाना में दी गई। पुलिस द्वारा आरोपी कुलदीप साहू एवं उसके अन्य साथियों की पता तलाश किया जा रहा था इसी दौरान उक्त संदिग्ध स्वीफ्ट डिजायर कार के देखे जाने पर पुलिस द्वारा उसका पीछा कर घेराबंदी की कोशिश की गई किन्तु आरोपी पुलिस को चकमा देकर वहां से भाग निकलने में सफल रहा। थाना प्रभारी विश्रामपुर निरीक्षक अलरिक लकड़ा व पुलिस टीम के द्वारा वाहन का लगातार पीछा किया जा रहा था इसी दौरान ग्राम करवां, चौकी लटोरी के पास आरोपी द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस बल द्वारा भी सुरक्षार्थ फायर किया गया परन्तु आरोपी रात्रि में अंधेरे होने का लाभ उठाकर गाड़ी छोडकर फरार हो गया।

दिनांक 14/10/2024 को थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम पीड़ा में 2 अज्ञात शव पड़ा हुआ है। जिस पर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त प्रधान आरक्षक की पत्नी एवं नाबालिक पुत्री के रूप में की गई। मामले की सूचना पर एफएसएल अम्बिकापुर की टीम के द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया तथा घटना स्थल से खून से सने चाकू एवं मृतिका व उसकी पुत्री का खून लगे कपड़े भी बरामद किए



गए है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा द्वारा सूरजपुर पहुंचकर मौके का जायजा लिये और घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई पुलिस टीमों को लगाया और पूरी कार्यवाही की लगातार मानिटरिंग करते रहे। उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे के मार्गदर्षन में जिला सूरजपुर सायबर सेल तथा विभिन्न टीमें बनाकर आरोपियों के पतासाजी एवं दबिष हेतु टीम रवाना किया गया तथा तत्काल प्रकरण के संदेहियों तथा आरोपी के परिचितों को तलब कर कडाई से पूछताछ की गई। कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु रेंज स्तर से बल लगाकर शांति स्थापित किया गया। इसी दौरान आरोपी कुलदीप साहू को बलरामपुर पुलिस द्वारा दिनांक 15.10.2024 को गढवा झारखण्ड से बस से आने के दौरान बलरामपुर में पकडा गया जिसे सूरजपुर पुलिस के द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया। बारीकी से पूछताछ पर आरोपी कुलदीप साहू ने घटना के सहयोगी आर्यन विष्वकर्मा उर्फ गोल्डी, चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सी.के. एवं रिंकू सिंह के साथ मिलकर आरक्षक 734 धनष्याम सोनवानी पर गर्म तेल फेकना, पुलिसकर्मियों को गाडी से कुचलने का प्रयास करना, प्रधान आरक्षक तालिब शेख के घर जाकर उसकी पत्नी व बच्ची के ऊपर प्राणघातक हमला कर नृशंस तरीके से हत्या करना तथा शव को ग्राम पीढा थाना सूरजपुर में फेक कर साक्ष्य छुपाने के लिए गाडी धोने का कृत्य करना तथा आरोपी कुलदीप साहू द्वारा भागने के दौरान पुलिस बल पर फायर कर भागने की बात स्वीकारी है। इसके अतिरिक्त 1 अन्य आरोपी सूरज साहू द्वारा आरोपियों को गांव से भागने में मदद करना भी बताया है। आरोपियों के निषानदेही पर घटना कारित करने के दौरान खून लगे कपडे तथा चप्पल जप्त किया गया है।मृतिका एवं उसकी पुत्री के शवों के पीएम पर धारदार चाकू से गोदकर हत्या किया जाना पाया गया। चिकित्सीय परीक्षण में प्रथम दृष्टया मृतिका एवं उसकी पुत्री के साथ अनाचार की संभावना से इंकार किया गया है और अग्रिम चिकित्सीय परीक्षण के लिए स्लाईड जप्त कर जांच हेतु भेजा गया है, जिसकी परीक्षण रिपोर्ट अप्राप्त है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।यहॉ उल्लेखनीय है कि, दिनांक 13.10.2024 को कुलदीप साहू पिता अषोक साहू उम्र 25 वर्ष ग्राम पुराना बाजारपारा सूरजपुर जो थाना सूरजपुर का गुण्डा बदमाश है जिसके विरूद्ध कोतवाली सूरजपुर में कई अपराधिक प्रकरण पंजीबद्व है तथा जिला बदर की कार्यवाही भी की गई थी जिसका उल्लघन करने पर इसके खिलाफ छत्तीसगड़ राज्य सुरक्षा अधिनियम तथा धारा 188 भा.द.वि. के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था जिस प्रकरण में जमानत पश्चात् जिले से बाहर था। उक्त आरोपी कुलदीप साहू के द्वारा जिला बदर के प्रकरण में जमानत मिलने पश्चात् प्रार्थी पुनित सोनी के साथ मारपीट करने के संबंध में कोतवाली सूरजपुर में अपराधिक प्रकरण क्रमांक 364/2024 धारा 294, 506, 341, 327 भादवि. पंजीबद्ध किया गया था जो आरोपी के फरार एवम् जिला बदर होने से पता तलाष की जा रही थी।

कुलदीप साहू के भाई संदीप साहू के द्वारा दिनांक 07.10.2024 को मारपीट व लूट का अपराध कारित करने पर अपराध क्रमांक 557/2024 धारा 309(6), 296(बी), 115(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर दिनांक 11.10.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। इसके साथ ही आरोपी कुलदीप साहू के चाचा संजय साहू के विरूद्ध भी जिला बदर की कार्यवाही की गई थी जिसका उल्लघन करने पर छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था जो जेल में निरूद्ध है। आरोपी कुलदीप साहू के पिता अषोक साहू के विरूद्ध जिला बदर का प्रकरण जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसमें अंतिम आदेष पारित होना शेष है। उक्त कार्यवाहियों से कुलदीप साहू पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति गुस्सा एवम् त्वरित बदला लेने के फिराक में था।दिनांक 16.10.2024 को आरोपीगणो को गिरफ्तार कर आरोपी कुलदीप साहू का पुलिस रिमांड का आवेदन तैयार किया गया है तथा रिमांड प्राप्त कर अपराध कारित करने में उपयोग किये फायर आर्म्स की जप्ती पृथक से किया जाना है। प्रकरण में एफएसएल यूनिट, डाग स्क्वार्ड, प्रिगंर प्रिंट एक्सपर्ट के सहयोग से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई है। इन मामलों में अन्य आरोपियों की संलिप्तता के बारे में विवेचना की जा रही है। इस कार्यवाही सूरजपुर के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला बलरामपुर पुलिस की टीम सक्रिय रही।

**पंजीबद्ध अपराध-**

(1) आरक्षक के ऊपर खौलता तेल फेंक कर गंभीर रूप से आहत करने के मामले में थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 573/2024 धारा 296(बी), 351(3), 221, 132, 118, 121(2), 109(1) बीएनएस 3(1)(आर-एस), 3(2)(अ.) एससीएसटी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।

(2) थाना सूरजपुर के सामने पुलिसकर्मियों को स्वीफ्ट कार से कुचलने कर मार डालने का प्रयास करने पर अपराध क्रमांक 574/24 धारा 221, 132, 109(1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है।

(3) प्रधान आरक्षक के घर पर जाने जहां घर लहु-लुहान होने, पत्नी व पुत्री के घर में नहीं मिलने, अपहरण एवं अनहोनी की आशंका होने पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 575/2024 धारा 137(1), 138, 140(1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में पृथक से धारा 331(6), 238, 103(1), 61(2) बीएनएस जोड़ी गई है।

(4) आरोपी कुलदीप साहू के पुलिस टीम पर अवैध हथियार से फायरिंग कर जान से मारने का प्रयास करने पर थाना जयनगर में अपराध क्रमांक 218/2024 धारा 109(2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपीगण-**

(1) कुलदीप साहू पिता अशोक साहू उम्र 28 वर्ष

(2) आर्यन विष्वकर्मा उर्फ गोल्डी पिता संजय विष्वकर्मा उम्र 20 वर्ष

(3) फुल सिंह उर्फ रिन्कू सिंह पिता स्व. गनपत सिंह उम्र 28 वर्ष

तीनों निवासी पुराना बाजारपारा सूरजपुर, थाना सूरजपुर

(4)चन्द्रकात चौधरी उर्फ सिके पिता षिवप्रसाद चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नेवरा, थाना सूरजपुर

(5) सूरज साहू पिता स्व. राजाराम साहू उम्र 23 वर्ष ग्राम करंवा, चौकी लटोरी को गिरफ्तार किया गया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस द्वारा महिलाओं छात्राओं को किया गया जागरूक

निचलौल - महाराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के थाना स्थानीय निचलौल क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी व बरगदही टोला पिपरिया तथा निचलौल में स्थित नाथ पुस्तक भंडार व बजारों तथा चौराहों पर मिशन शक्ति फेज - 5, आपरेशन गरूण के अन्तर्गत स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र/ छात्राओं तथा महिलाओं को थाना निचलौल की महिला पुलिस द्वारा अभियान चलाकर अवगत कराया गया। सर्वप्रथम महिला उपनिरीक्षक कविता चौहान ने छात्रों औरछात्राओं तथा महिलाओं को सावधान और जागरूक रहने की सलाह दी उन्होंने बताया कि सावधानी और जागरूकता से आप अपने



ऊपर आने वाली हर प्रकार की संकटों को टाल सकती हैं। महिला आरक्षी मैना यादव ने हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090,112,108,181,102 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,व धारा 87,137 बी एन एस गार्जियनशिप, विवाह, पाक्सो एक्ट के सम्बंध में अवगत कराया गया तथा शिक्षा के महत्व को बताया और संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की गई। उक्त मिशन शक्ति अभियान में सम्मिलित महिला कांस्टेबल पुजा सहगल, महिला कांस्टेबल गुड़िया, महिला कांस्टेबल रेनू यादव, महिला कांस्टेबल संध्या सहानी, महिला कांस्टेबल रेनू सहित आदि पुलिस कर्मी उपस्थित रहीं।